# दिल्ली विकास प्राधिकरण

## भर्ती प्रकोष्ठ

**विज्ञापन संख्या: 03/2016/ रीक्रूटमेंट सेल/पर्स./डीडीए**

## महत्वपूर्ण तिथियां

| | |
|---|---|
| **वेबसाइट लिंक खुलने की तिथि** | **21/05/2016 (10.00 बजे)** |
| चरण 1 पूर्ण करने की अंतिम तिथि (ऑनलाइन व्यक्तिगत जानकारियां भरना और चालान निकालना) | **14/06/2016 (06.00 बजे)** |
| **शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि** | **17/06/2016 (व्यवसाय घंटे तक)** |
| **चरण 2 पूर्ण करने की अंतिम तिथि** (ऑनलाइन आवेदन दाखिल करना और फोटो तथा नमूने के हस्ताक्षर अपलोड करना) | **20/06/2016 (06.00 बजे)** |
| **परीक्षा का संभावित माह** | **अगस्त 2016 से शुरू** |

**नोट: उपर्युक्त सभी तिथियां संभावित हैं तथा यदि कोई स्थिति नियंत्रण से बाहर होती है, इन तिथियों को किसी भी समय बदला जा सकता है। इस प्रकार के बदलाव (बदलावों) से संबंधित सूचना, यदि कोई हो, डीडीए की वेबसाइट पर दी जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे इस भर्ती प्रक्रिया के संदर्भ में, तथा कार्यक्रम में कोई परिवर्तन, यदि हो, की जानकारी प्राप्त करने के लिए वेबसाइट के साथ जुड़े रहें।**

डीडीए की वेबसाइट www.dda.org.in पर लिंक "नौकरी" के माध्यम से, बैकलॉग रिक्तियों तथा दिव्यांगों के लिए आरक्षित रिक्तियों सहित विभिन्न पदों को भरने के लिए, निम्नलिखित निर्धारित मानदंडों के अनुसार सुयोग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पद, पे-बैंड/ ग्रेड पे तथा योग्यता शर्तों के विस्तृत विवरण निम्नलिखित हैं:

| **पोस्ट कोड** | **पद का नाम** | **समूह** | **पे-बैंड/ ग्रेड पे** | **आवेदन की अंतिम तिथि को आयु** | **शैक्षणिक योग्यता** | बैकलॉग रिक्ति | यूआर | **अनु. जाति** | **अनु. जन जाति** | **अन्य पिछड़ा वर्ग** | **पीडबल्यूडी के लिए आरक्षित कुल रिक्ति में सम्मिलित** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | **वीएच** | **एचएच** | **ओएच** |

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | उप निदेशक (जन संपर्क) | ए | 15600-39100/- + ग्रेड वेतन रु. 6600/- (पीबी-3) | 40 वर्ष से अधिक नहीं | (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पत्रकारिता/ जनसंचार/ जनसंपर्क/विज्ञापन में पीजी डिप्लोमा या डिग्री या समकक्ष योग्यता।<br><br>(ii) 6 वर्ष का पत्रकारिता अनुभव किसी उत्तरदायी पद पर, किसी प्रतिष्ठित अखबार/ समाचार एजेंसी (मुद्रित या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में) या समकक्ष संस्था में, किसी सरकारी विभाग या प्रतिष्ठित वाणिज्यिक प्रचार संगठन में प्रचार तथा जनसंपर्क का अनुभव | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - |
| 02 | उप निदेशक (नियोजन) | ए | 15600-39100/- + ग्रेड वेतन रु. 6600/- (पीबी-3) | 40 वर्ष से अधिक नहीं | **अनिवार्य**<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान या समकक्ष से प्लानिंग/ आर्किटेक्चर/ सिविल/ म्यूनिसिपल इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि या भूगोल/ सामाजिक विज्ञान/ अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>(ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान या समकक्ष संस्थान से प्लानिंग में स्नातकोत्तर उपाधि जिसके साथ शहर/ नगर/ शहरी/ आवासीय/ यातायात/ पर्यावरण नियोजन में किसी एक क्षेत्र में विशेष योग्यता प्राप्त हो।<br>(iii) किसी विकास प्राधिकार या स्थानीय निकाय या सरकारी उपक्रम के योजना कार्यालय में कम से कम 10 वर्षों का कार्यानुभव।<br>**<u>वांछनीय:</u>**<br>i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से भौगोलिक सूचना तंत्र (जीआईएस)/ भू- सूचना विज्ञान में डिग्री/ डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता।<br>ii) टाउन प्लानर्स (भारत) के संस्थान के एसोसिएट सदस्यता | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | सहायक निदेशक (नियोजन) | ए | 15600-39100/- + ग्रेड वेतन रु. 5400/- (पीबी-3) | 35 वर्ष से अधिक नहीं | **<u>अनिवार्य</u>**<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से प्लानिंग/ आर्किटेक्चर/ सिविल/ म्यूनिसिपल इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि या भूगोल/ सामाजिक विज्ञान/ अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष योग्यता।<br>(ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से टाउन/ सिटी/ हाउसिंग/ अर्बन/ ट्रांसपोर्ट/ इनवारमेंट प्लानिंग के किसी एक क्षेत्र में विशेषज्ञता सहित प्लानिंग में स्नातकोत्तर की उपाधि या समकक्ष योग्यता।<br>**<u>वांछनीय</u>**<br>i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से भौगोलिक सूचना तंत्र (जीआईएस)/ भू-सूचना विज्ञान में डिग्री/डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता।<br>ii) टाउन प्लानर्स (भारत) के संस्थान के एसोसिएट सदस्यता | | | | | | | | |
| 04 | सहायक निदेशक (मंत्रिस्तरीय) | बी | 9300-34800/- + ग्रेड वेतन रु. 4800/- (पीबी-2) | 30 वर्ष से अधिक नही | पर्सनल, एचआर, औद्योगिक संबंध, रीयल एस्टेट/ शहरी प्रबंधन, वित्त तथा मार्केटिंग में विशेष योग्यता सहित व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष योग्यता। | 15 | 09 | 02 | 01 | 03 | - | - | - |
| 05 | सहायक लेखा अधिकारी | बी | 9300-34800/- + ग्रेड वेतन रु. 4800/- (पीबी-2) | 30 वर्ष से अधिक नही | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए)/ कंपनी सचिव (सीएस)/ आईसीडबल्यूए/ वित्तीय नियंत्रण में स्नातकोत्तर/ एमबीए (वित्त), या समकक्ष योग्यता। | 80 | 41 | 12 | 06 | 21 | - | - | - |
| 06 | कानूनी सहायक | बी | 9300-34800/- + ग्रेड वेतन रु. 4600/- (पीबी-2) | 30 वर्ष से अधिक नही | (i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष संस्थान से कानून में नियमित उपाधि प्राप्त (बार में पंजीकरण तथा न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए पदधारक अधिकारी); तथा<br>(ii) बार में 03 वर्षों का अनुभव।<br>**<u>डीडीए कर्मचारियों के लिए</u>**<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष संस्थान से कानून में नियमित उपाधि प्राप्त (बार में पंजीकरण तथा न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए पदधारक अधिकारी) तथा डीडीए में 03 वर्षों की नियमित सेवा। सीधी भर्ती के लिए खुली प्रतियोगी परीक्षा के जरिए चयन किया जाएगा। | 24 | 15 | 03 | 01 | 05 | 02 | - | 01 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) (पूर्व सहायक) | बी | 9300-34800/- + ग्रेड वेतन रु. 4600/- (पीबी-2) | 30 वर्ष से अधिक नही | (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या समकक्ष। (ii) कंप्यूटर प्रवीणता | 80 | 42 | 11 | 06 | 21 | - | - | - |
| 08 | अनुभाग अधिकारी (उद्यान) | बी | 9300-34800/- + ग्रेड वेतन रु. 4200/- (पीबी-2) | 30 वर्ष से अधिक नही | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कृषि या बागवानी या वानिकी में स्नातक या समकक्ष उपाधि। | 101 | 55 | 19 | 04 | 23 | - | 02 | 01 |
| 09 | कनिष्ठ अभियंता (सिविल) | बी | 9300-34800/- + ग्रेड वेतन रु. 4200/- (पीबी-2) | 18 से 27 वर्ष के बीच | केंद्र सरकार/ राज्य सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त किसी विश्वविद्यालय/ संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समकक्ष उपाधि। | 240 | 83 | 41 | 20 | 96 | - | 03 | - |
| 10 | कनिष्ठ अभियंता (इलैक्ट./ मैके.) | बी | 9300-34800/- + ग्रेड वेतन रु. 4200/- (पीबी-2) | 18 से 27 वर्ष के बीच | केंद्र सरकार/ राज्य सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त किसी विश्वविद्यालय/ संस्थान से विद्युत या अभियांत्रिक इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समकक्ष उपाधि। | 59 | 30 | 09 | 04 | 16 | - | - | - |
| 11 | कनिष्ठ अनुवादक (आधिकारिक भाषा) (पूर्ववर्ती कनिष्ठ हिंदी अनुवादक) | बी | 9300-34800/- + ग्रेड वेतन रु. 4200/- (पीबी-2) | 30 वर्ष से अधिक नही | I) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर या समकक्ष उपाधि जिसके साथ स्नातक स्तर तक अंग्रेजी एक विषय के रूप में रही हो। अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर या समकक्ष उपाधि जिसके साथ स्नातक स्तर तक हिंदी एक विषय के रूप में रही हो। ii) हिंदी से अंग्रेजी तथा अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद का मान्यताप्राप्त डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट पाठयक्रम अथवा हिंदी से अंग्रेजी तथा अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद कार्य का दो वर्षों का अनुभव केंद्र/ राज्य सरकार कार्यालय/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ स्वायत्त निकायों में। | 06 | 03 | 01 | 01 | 01 | - | - | - |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | स्टेनोग्राफर ग्रेड 'डी' | सी | 5200-20200/- + ग्रेड वेतन रु. 2400/- (पीबी-1) | 18 से 27 वर्ष के बीच | i) मान्यताप्राप्त बोर्ड/ विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण तथा समकक्ष<br>ii) कौशल परीक्षण मानदंड<br>**डिक्टेशन-**<br>80 शब्द प्रति मिनट की गति पर 10 मिनट<br>**ट्रांसक्रिप्शन- (केवल कंप्यूटर पर)**<br>50 मिनट (अंग्रेजी)<br>65 मिनट (हिंदी)<br>**वांछनीय**<br>उन व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से कार्यालय प्रबंधन तथा सचिवालय व्यवहार में डिप्लोमा प्राप्त किया हो। | 30 | 12 | 03 | 10 | 05 | - | - | - |
| 13 | पटवारी | सी | 5200-20200/- + ग्रेड वेतन रु. 2000/- (पीबी-1) | 21 से 27 वर्ष के बीच | **अनिवार्य**<br>किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या उसके समकक्ष<br>**वांछनीय**<br>i) कंप्यूटर में प्रवीणता<br>ii) ऊर्दू/ हिंदी में कार्यसाधन ज्ञान<br>**नोटः-** नए पदधारकों को विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा और प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत ही परिवीक्षा हटाई जाएगी।* | 20 | 10 | 03 | 01 | 06 | - | - | - |

***नोट: सहायक अनुभाग अधिकारी (पहले सहायक) के पद के लिए, यथा निर्धारित अपेक्षित योग्यताधारी डीडीए कर्मचारी सीधी भर्ती के योग्य होंगे तथा उनपर आयुसीमा लागू नहीं होगी।**

**निम्नलिखित पदों के लिए उल्लिखित कुल रिक्तियों में बैकलॉग रिक्तियां सम्मिलित हैं जिनका विवरण निम्नांकित है:**

| **पोस्ट कोड** | **पद का नाम** | **बैकलॉग रिक्तियां** | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **अनु. जाति** | **अनु. जनजाति** | **ओबीसी** |
| 08 | अनुभाग अधिकारी (उद्यान) | - | 01 | 01 |
| 09 | कनिष्ठ अभियंता (सिविल) | 17 | 08 | 53 |
| 12 | स्टेनोग्राफर ग्रेड 'डी' | - | 09 | - |

**1.2 उपर्युक्त अनुच्छेद 1 में उल्लिखित पदों के अलावा, निम्नलिखित पदों को दिव्यांग श्रेणियों के लिए उपयुक्त माना गया है जैसा कि प्रत्येक के लिए उल्लिखित है।**

| **पोस्ट कोड** | **पद का नाम** | **विकलांगता की श्रेणी** |
|---|---|---|
| 04 | सहायक निदेशक (मंत्रीस्तरीय) | ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, बीएलओए, बी, एलवी, एचएच |
| 05 | सहायक लेखा अधिकारी | ओए, ओएल, बीएल, एचएच |
| 06 | कानूनी सहायक | ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, बी, एलवी |
| 07 | सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) | ओएल, ओए, बीएल, ओएएल, बी, एलवी, एचएच |
| 08 | अनुभाग अधिकारी (उद्यान) | ओए, एचएच |
| 09 | कनिष्ठ अभियंता (सिविल) | ओए, ओएल, बीएल, एचएच |
| 10 | कनिष्ठ अभियंता (इलैक्ट्रिकल/ मैकेनिकल) | ओएल, एचएच |
| 11 | कनिष्ठ अनुवादक (राजभाषा) | ओएल, ओएल, ओएएल, बीएल, बी, एलवी, एचएच |
| 12 | स्टेनोग्राफर ग्रेड "डी" | ओएल, ओएल, बीएल, ओएएल, बी, एलवी, एचएच |

***पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को कोई आरक्षण नहीं दिया जाएगा सिवाय पद कोड 06 (कानूनी सहायक) 08 (अनुभाग अधिकारी (उद्यान)) तथा 09 (कनिष्ठ अभियंता (सिविल))। तथापि, पीडबल्यूडी अभ्यर्थी इन उपर्युक्त वर्णित पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं किंतु उनको कोई आरक्षण नहीं मिलेगा और उनके साथ अन्य श्रेणी (यों) के अभ्यर्थियों की भांति ही व्यवहार किया जाएगा। उन्हें केवल आयु-सीमा तथा शुल्क में छूट का लाभ मिलेगा।***

**2.** उपर्युक्त संकेतित रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है या शून्य भी हो सकती है, जो आवश्यकता तथा किसी एक या अन्य कारण (कारणों) से रिक्तियों उपलब्धता तथा अनुपलब्धता पर निर्भर होगा। इस प्रकार के किसी परिवर्तन के लिए कोई सूचना/ स्पष्टीकरण जारी नहीं किया जाएगा।

**3. महत्वपूर्ण सूचना**

(i) दिव्यांग (पीडबल्यूडी) के लिए आरक्षित पदों के लिए, अक्षमता निम्नलिखित अनुसार पारिभाषित होंगी:-

क) **वीएच- दृष्टि दिव्यांग**

ख) **एचएच- श्रवण दिव्यांग**

ग) **ओएच- शारीरिक दिव्यांग**

(ii) **न्यूनतम अक्षमता 40% से कम नहीं होनी चाहिए।**

दिव्यांगों के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए आरक्षण प्राप्त करने के लिए योग्यता उसी प्रकार है जैसे "अक्षम व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों की रक्षा तथा पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995" में निर्धारित किया गया है। बशर्ते अलावा कि शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों से भी अपेक्षित होगा कि वे निर्धारित सेवा/ पद की अपेक्षाओं के अनुसार शारीरिक योग्यताएं/ कार्यात्मक वर्गीकरण (सक्षमता/ अक्षमता) के संदर्भ में नियत विशेष योग्यता मानदंडों को पूरा करें, जैसा इसके कैडर नियंत्रण प्राधिकार द्वारा तय किया गया हो सकता है। उदाहरण के लिए, शारीरिक योग्यता तथा कार्यात्मक वर्गीकरण निम्नलिखित में से एक या अधिक हो सकते हैं:

क) **<u>शारीरिक योग्यताओं के लिए कोड</u>**

एस-बैठना एसटी-चलना एसई-देखना एच-सुनना/बोलना आरडबल्यू-पढ़ना तथा लिखना सी-संपर्क करना एमएफ-अंगुली चलाना पीपी-धक्का देना तथा खींचना एल-उठाना केसी- घुटने के बल झुकना बीएन-झुकना,मुड़ना

ख) **<u>कार्यात्मक वर्गीकरण के लिए कोड</u>**

| | | |
|---|---|---|
| ओएच | - | शारीरिक रूप से दिव्यांग |
| वीएच | - | दृष्टिहीन विकलांग |
| एचएच | - | सुनवाई विक्लांग |
| ओए | - | एक बांह |
| ओएल | - | एक पैर |
| बीए | - | दोनों बांह |
| बीएच | - | दोनों हाथ |
| एमडब्ल्यू | - | मांसपेशियों की कमजोरी |
| ओएओएल | - | एक बांह एक पैर |
| बीएलओए | - | दोनों पैर एक बांह |
| एलवी | - | कम दृष्टि |

| | | |
|---|---|---|
| बी | - | नेत्रहीन |
| पीडी | - | आंशिक रूप से बधिर |
| एफडी | - | पूर्ण रूप से बधिर |
| ओएएल | - | एक बांह एक पैर |
| बीएल | - | दोनों पैर |

**नोट**: उपर्युक्त सूची में पुनरीक्षण हो सकता है।

(iii) यदि उम्मीदवार 1(एक) से ज्यादा पदों के लिए आवेदन करना चाहता है, तो उसे इन सभी पदों के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा। यदि किन्हीं दो या अधिक पदों के लिए परीक्षा की तिथि या समय में टकराव होता है, तो उम्मीदवार को वह परीक्षा चुननी होगी जिसमें वह बैठना चाहता है और डीडीए बाद में परीक्षा की तिथि/समय में बदलाव का किसी अनुरोध पर कोई विचार नहीं करेगा। यदि एक उम्मीदवार एक से ज्यादा पदों के लिए आवेदन करता है, तो ऐसी स्थिति में, हर तथा प्रत्येक आवेदन के लिए अलग-अलग आवेदन शुल्क देय होगा।

**(iv) उम्मीदवार आवेदित पद के लिए अपनी योग्यता सुनिश्चित करेंगे:**

उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे आवेदित पद के लिए सभी योग्यता मानदंड पूर्ण करते हैं। परीक्षा के सभी चरणों के लिए उनका प्रवेश **पूर्णतः औपबंधिक** है जो निर्धारित योग्यता शर्तों की संतुष्टि के अधीन है। उम्मीदवार को केवल प्रवेश प्रमाणपत्र मिल जाने का यह तात्पर्य नहीं होगा कि दिल्ली विकास प्राधिकार द्वारा उनका अभ्यर्थित्व अंतिम रूप से तय कर दिया गया है। डीडीए द्वारा मूल दस्तावेजों के साथ योग्यता शर्तों का सत्यापन केवल तभी किया जाएगा जब उम्मीदवार साक्षात्कार/ कंप्यूटर दक्षता जांच या कौशल जांच आदि (यथा लागू) के लिए योग्यता प्राप्त कर लेता है।

(v) यदि उम्मीदवार आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि तक या उससे पूर्व अपेक्षित निर्धारित शैक्षणिक योग्यता को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी यद्यपि उसने इस भर्ती के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, तो भी।

(vi) ऑनलाइन परीक्षा, साक्षात्कार, कंप्यूटर कौशल जांच या दक्षता जांच (यथा लागू) के पहले या बाद किसी भी समय सत्यापन में यह पाया गया कि वे किसी एक भी पात्रता शर्त को पूरा नहीं करते हैं तो; परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी डीडीए द्वारा रद्द कर दी जाएगी। यदि

उनका कोई भी दावा गलत पाया गया तो, उनपर डीडीए द्वारा यथोचित कार्रवाई की जा सकती है।

(vii) **आवेदन की प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि:** ऑनलाइन आवेदन को दिनांक 20/06/2016 को 06.00 बजे संध्या तक भरा और दाखिल किया जा सकता है जिसके बाद लिंक का संपर्क-विच्छेद कर दिया जाएगा।

(viii) योग्य उम्मीदवारों को परीक्षा शुरू होने के तीन सप्ताह पूर्व एक ई-प्रवेश प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। यह ई-प्रवेशपत्र डीडीए की वेबसाइट {http:/www.dda.org.in} पर उम्मीदवार द्वारा डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध रहेगा। **पोस्ट द्वारा कोई प्रवेशपत्र नहीं भेजा जाएगा।**

(ix) **उम्मीदवारों के मार्गदर्शन हेतु सुविधा काउंटर**: अपने आवेदन, उम्मीदवारी आदि के बारे में किसी मार्गदर्शन/ जानकारी/ स्पष्टीकरण के लिए, उम्मीदवार व्यक्तिगत रूप से विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली स्थित डीडीए के सुविधा काउंटर पर संपर्क कर सकते हैं, या टेलीफोन नंबर 011-24649644 पर सभी कार्यदिवसों में 11.00 से 17.00 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं।

**4 <u>सभी संचार/ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित हैं।</u>**

क) मोबाइल फोन, पेजर या कोई अन्य संचार/ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उस परिसर में लाने की अनुमति नहीं होगी जहां परीक्षा का आयोजन किया गया है। इन निर्देशों का किसी प्रकार का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवार पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी तथा उसपर भविष्य में किसी प्रकार की परीक्षा में शामिल होने पर प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है।

ख) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने हित में मोबाइल फोन/ पेजर सहित किसी प्रकार का प्रतिबंधित उपकरण ले कर परीक्षा केंद्र पर न आएं, क्योंकि इन्हें यहां सुरक्षित रखने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

ग) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केंद्र पर किसी प्रकार का कीमती सामान न लाएं, क्योंकि इन्हें यहां सुरक्षित रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। इनके खोने या क्षति के लिए डीडीए की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**5. पात्रता शर्तें:**

**राष्ट्रीयता:** उम्मीदवार को होना चाहिए:

(क) भारत का नागरिक, या

(ख) नेपाल का नागरिक, या

(ग) भूटान का नागरिक, या

(घ) एक तिब्बती शरणार्थी जो 1जनवरी 1962 से पूर्व भारत में स्थायी रूप से निवास करने के उद्देश्य से यहां आया हो, या

(ङ) भारतीय मूल का कोई व्यक्ति जो पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देश जैसे केन्या, यूगांडा, तंजानिया संयुक्त गणराज्य (पहले टंगानिका तथा जंजीबार), जांबिया, मलावी, जायरे, इथियोपिया तथा वियतनाम से भारत में स्थायी निवास के उद्देश्य से आया हो।

बशर्ते कि कोई उम्मीदवार जो उपरोक्त (बी), (सी), (डी) तथा (ई) श्रेणियों में आता है ऐसा व्यक्ति होना चहिए जिसके पक्ष में भारत सरकार द्वारा एक योग्यता प्रमाणपत्र जारी किया गया होना चाहिए।

कोई उम्मीदवार जिसके मामले में एक योग्यता प्रमाणपत्र अनिवार्य होगा, वह परीक्षा/जांच आदि में शामिल हो सकता है किंतु, नियुक्ति का प्रस्ताव तभी प्रदान किया जाएगा जब वह भारत सरकार द्वारा उसके पक्ष में जारी आवश्यक योग्यता प्रमाणपत्र डीडीए के कार्यालय में दाखिल करता है।

6. आयु में छूट:

| **क्र.सं.** | **श्रेणी** | **आयु में छूट की सीमा** |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति | 05 वर्ष |
| 2 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 03 वर्ष |
| 3 | विक्लांग व्यक्ति | 10 वर्ष |
| 4 | अनुसूचित जाति/ जनजाति के दिव्यांग व्यक्ति | 15 वर्ष |
| 5 | विकलांगों के साथ अन्य पिछड़े | 13 वर्ष |

| | | |
|---|---|---|
| | वर्ग के व्यक्ति | |
| 6 | विभागीय उम्मीदवार जिन्होंने केंद्र सरकार/ दिल्ली सरकार, दिल्ली विकास प्राधिकार आदि में कम से कम तीन वर्षों तक लगातार सेवा दी हो | समूह 'ए' तथा 'बी' के पदों के लिए 05 वर्ष तक (जो उसी श्रेणी या सहयोगी कैडर में है और जहां एक संबंध स्थापित किया जा सकता है कि एक विशेष पद पर दी गई सेवा इस पद के कर्तव्यों के कुशल निर्वहन में उपयोगी सिद्ध होगी) |
| | | 40 वर्ष की आयु तक (अनु. जाति/ नजाति हेतु 45 वर्ष, अन्य पिछडा वर्ग हेतु 43 वर्ष) समूह 'सी' पदों के लिए। |
| 7 | (समूह "क" पदों के लिए)<br>पूर्व सैनिक | 3 वर्ष से ज्यादा की सैन्य सेवा (शर्तों के अनुसार कि उसने सशस्त्र बलों में लगातार अवधि तक जो 6 माह से कम न हो, सेवा की हो और उसे अन्यथा दुराचरण या अक्षमता आदि के कारण बर्खास्त या सेवामुक्त न किया गया हो)। |
| 8 | (समूह "बी" तथा "सी" पदों के लिए)<br>पूर्व सैनिक (सामान्य/ अनारक्षित) | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को वास्तविक आयु में सैन्य सेवा वर्ष की कटौती प्रदान करने के बाद 03 वर्ष की छूट। उसने सशस्त्र बलों में लगातार अवधि तक जो 6 माह से कम न हो, सेवा प्रदान की हो और उसे अन्यथा दुराचरण या अक्षमता आदि के कारण बर्खास्त या सेवामुक्त न किया गया हो। |
| 9 | पूर्व सैनिक (ओबीसी) | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को वास्तविक आयु में सैन्य सेवा वर्ष की कटौती प्रदान करने के बाद 06 वर्ष (3वर्ष+3वर्ष) की छूट। |
| 10 | पूर्व सैनिक (अनु. जाति तथा अनु. जनजाति) | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को वास्तविक आयु में सैन्य सेवा वर्ष की कटौती प्रदान करने के बाद 08 (3 वर्ष + 5 वर्ष) वर्ष की छूट। |
| 11 | विधवा, तलाकशुदा महिला तथा अपने पति से न्यायिक रूप से अलग हो गई महिला जिसने पुनः विवाह न किया हो (समूह 'ग पदों के लिए) | 35 वर्ष की आयु तक (ओबीसी के लिए 38 तथा अनु.जाति / अनु. जनजाति के लिए 40 वर्ष तक) |

क) विकास प्राधिकार द्वारा स्वीकार्य जन्मतिथि वही होगी जो मैट्रिक या माध्यमिक विद्यालय परित्याग प्रमाणपत्र या किसी ऐसे प्रमाणपत्र में दर्ज है, जिसे कोई भारतीय विश्वविद्यालय मैट्रिक के समकक्ष की मान्यता देता है या जो किसी विश्वविद्यालय के मैट्रिक के समकक्ष प्रमाणपत्र की पंजी में शामिल है, तथा जिसे विश्वविद्यालय या उच्चतर माध्यमिक या समकक्ष परीक्षा प्रमाणपत्र के उचित प्राधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित होना चाहिए।

ख) आयु से संबंधित कोई अन्य दस्तावेज जैसे कुंडली, शपथपत्र, नगरपालिका का जन्मप्रमाणपत्र, सेवा पुस्तिका तथा इस जैसे अन्य स्वीकार्य नहीं होंगे।

ग) निर्देश के इस भाग में मैट्रिक/ माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र की परिभाषा में उपरोक्त उल्लिखित वैकल्पिक प्रमाणपत्र शामिल हैं।

घ) केंद्र सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार सरकारी कर्मचारियों तथा डीडीए के कर्मचारियों के लिए छूट अनुमान्य है।

**नोट: उम्मीदवार ध्यान दें कि जन्मतिथि में बाद में किसी परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इसकी अनुमति नहीं होगी।**

7. <u>**आवेदन शुल्क तथा जमा करने की विधि:**</u>

**सभी श्रेणी के पदों के लिए आवेदन शुल्क रु. 500/- होगा।** बैंक का अंतरण शुल्क, यथा लागू उम्मीदवार द्वारा वहन किया जाएगा।

**सरकार के निर्देशानुसार सभी महिला उम्मीदवारों तथा अनुसूचित जाति/ जनजाति/ दिव्यांग उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क अदा करने की आवश्यकता नहीं है।** हालांकि, अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को शुल्क से मुक्ति नहीं दी गई है और उन्हें पूरा निर्धारित शुल्क अदा करना होगा।

क) उम्मीदवारों को केवल पूर्व-मुद्रित चालान के जरिए भारतीय स्टेट बैंक की किसी शाखा में शुल्क जमा करना होगा।

ख) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे 'मूल चालान' की प्रति अपने पास रखें क्योंकि दस्तावेज सत्यापन/ या साक्षात्कार के समय इसे प्रस्तुत करना होगा।

भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी निकटवर्ती शाखा में शुल्क नकद जमा किया जा सकता है, जिसके लिए उम्मीदवार को आवेदन का चरण 1 पूरा करने के बाद अगले दिन सिस्टम जेनेरेटेड पे-इन-स्लिप मुद्रित करना चाहिए और वे उसी दिन या **शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 17/06/2016 की कार्यावधि समाप्त होने से पूर्व भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के काउंटर पर शुल्क जमा कर सकते हैं। ऐसे आवेदक जिनके मामले में भुगतान विवरण बैंक द्वारा प्राप्त नहीं किए गए, उन्हें अपूर्ण आवेदन माना जाएगा और ऑनलाइन आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि या चरण 2 समाप्त होने (20 जून, 2016 के बाद) के दो सप्ताह के भीतर ऐसे आवेदकों की सूची डीडीए की वेबसाइट www.dda.org.in पर प्रदर्शित कर दी जाएगी।** इस संदर्भ में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**8.** **परीक्षा केंद्र**: ऑनलाइन परीक्षा के साथ ही कंप्यूटर दक्षता जांच या कौशल जांच (यथा लागू), केवल दिल्ली/ एनसीआर में स्थित केंद्रों पर ही आयोजित की जाएगी।

**9.** **चयन प्रक्रिया:**

I. सभी श्रेणी के पदों के लिए एक ऑन-लाइन प्रतियोगी परीक्षा निम्नलिखित विवरणों के अनुसार आयोजित की जाएगी

| पद कोड | पद | भर्ती की विधि | परीक्षा का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | उप निदेशक (पीआर) | एकल चरण ऑनलाइन परीक्षा के बाद चयनित उम्मीदवारों के साक्षात्कार। | प्रश्नपत्र 2 घंटे की अवधि का होगा तथा उसमें संबद्ध विषय से लिए गए तथा तर्कशक्ति, गणना क्षमता, सामान्य ज्ञान तथा अंग्रेजी भाषा के 120 अंकों के 120 वस्तुनिष्ठ प्रकार के (बहुविकल्पी) प्रश्न होंगे, जिसके बाद चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार होगा। |
| 2 | उप निदेशक (नियोजन) | वही | वही |
| 3 | सहायक निदेशक (नियोजन) | वही | वही |
| 4 | सहायक निदेशक (मंत्रीस्तरीय) | वही | वही |
| 5 | सहायक लेखा अधिकारी | वही | वही |
| 6 | कानूनी सहायक | वही | वही |
| 7 | सहायक लेखा अधिकारी | कम्प्यूटर प्रवीणता टेस्ट के बाद उद्देश्य मल्टीपल चॉइस | **सामान्य-I**<br>क) जनरल इंटेलिजेंस + रीजनिंग - 50 मार्क / |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (पूर्व सहायक) | टाइप परीक्षा के दो स्तर पर लाइन | 50 प्रश्न<br>ख) सामान्य जागरूकता - 50 अंक / 50 प्रश्न<br>ग) मात्रात्मक योग्यता - 50 अंक/ 50 प्रश्न<br>घ) अंग्रेजी समझ - 50 अंक / 50 प्रश्न<br>कुल - 200 अंक/ 200 प्रश्न (अवधि - 2 घंटे)<br>**चरण-II**<br>क) मात्रात्मक क्षमताएं - 200 अंक (100 प्रश्न) (अवधि - 02 घंटे)<br>ख) अंग्रेजी भाषा और समझ - 200 अंक (200 प्रश्न)<br>अवधि - 02 घंटे<br>**<u>कंप्यूटर दक्षता जांच</u>**<br>कंप्यूटर दक्षता जांच में केवल उत्तीर्णता आवश्यक होगी जिसमें तीन मॉड्यूल होंगे- वर्ड प्रॉसेसिंग, स्प्रेड शीट तथा स्लाइड बनाना। |
| 8 | एस.ओ. (उद्यान) | एकल चरण ऑन-लाइन परीक्षा | प्रश्नपत्र 2 घंटे की अवधि का होगा तथा उसमें संबद्ध विषय से लिए गए तथा तर्कशक्ति, गणना क्षमता, सामान्य ज्ञान तथा अंग्रेजी भाषा के 120 अंकों के 120 वस्तुनिष्ठ प्रकार के (बहुविकल्पी) प्रश्न होंगे। |
| 9. | जे.ई. (सिविल) | वही | वही |
| 10 | जे.ई. (इलैक्ट./ मैकेनिकल) | वही | वही |
| 11 | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | 2 चरण की परीक्षा (चरण I ऑनलाइन तथा चरण II पारंपरिक प्रकार अर्थात पेन और पेपर विधि)) | **चरण I** इसमें 2 घंटे की अवधि का प्रश्नपत्र होगा जिसमें सामान्य हिंदी (100 प्रश्न/100 अंक) तथा सामान्य अंग्रेजी (100 प्रश्न/100 अंक) से 200 अंकों के 200 बहुविकल्पी प्रश्न होंगे।<br>**चरण II** 2 घंटे की अवधि की परंपरागत किस्म की परीक्षा होगी जिसमें कलम और कागज पर लिखना होगा जिसमें 200 अंकों का अनुवाद तथा निबंध होगा। इस पत्र में अनुवाद के दो अनुच्छेद होंगे- एक अनुच्छेद हिंदी से अंग्रेजी अनुवाद के लिए और दूसरा अनुच्छेद अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद के लिए, तथा हिंदी और अंग्रेजी दोनों में एक-एक निबंध, जिसका उद्देश्य उम्मीदवार की अनुवाद दक्षता और लेखन क्षमता के साथ दोनों भाषाओं की सही, सटीक और प्रभावी समझ की जांच करना है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | स्टेनोग्राफर ग्रेड 'डी' | कौशल परीक्षण के बाद एकल चरण ऑनलाइन परीक्षा | सामान्य बुद्धिमत्ता तथा तर्कशक्ति (50 अंकों के 50 प्रश्न), सामान्य ज्ञान (50 अंकों के 50 प्रश्न) तथा अंग्रेजी भाषा और समझ (100 अंकों के 100 प्रश्न) का पत्र 2 घंटे की अवधि का होगा जिसके बाद दक्षता जांच होगी।<br>उम्मीदवारों को एक आशुलिपि परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। उम्मीदवारों को हिंदी/ अंग्रेजी में 80 शब्द प्रति मिनट की दर से 10 मिनट का एक श्रुतलेख दिया जाएगा। इस सामग्री को केवल कंप्यूटर पर टाइप करना होगा। टाइप का समय निम्नलिखित अनुसार होगा:-<br>50 मिनट (अंग्रेजी) 65 मिनट (हिंदी) |
| 13 | पटवारी | 2 स्टेज ऑनलाइन परीक्षा | **चरण I (प्राथमिक)** सामान्य ज्ञान, सामान्य बुद्धिमत्ता तथा तर्कशक्ति, अंकगणित और संख्यात्मक क्षमता, हिंदी तथा अंग्रेजी (भाषा तथा समझ) तथा मूलभूत कंप्यूटर जानकारी (120 प्रश्न/120 अंक तथा अवधि 2 घंटा)।<br>**चरण II (मुख्य)** सामान्य ज्ञान (दिल्ली पर विशेष जानकारी), सामान्य बुद्धिमत्ता तथा तर्कशक्ति, अंकगणित और संख्यात्मक क्षमता, अंग्रेजी भाषा तथा समझ, हिंदी और ऊर्दू भाषा तथा समझ, मूलभूत कंप्यूटर जानकारी (200 प्रश्न/ 200 अंक तथा अवधि 2 घंटा)। |

II. **सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) (पहले सहायक) के पद के लिए**

क) चरण-I परीक्षा में उत्तीर्ण चयनित उम्मीदवारों को चरण-II परीक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।

ख) प्रथम तथा द्‌वितीय चरण में प्राप्त अंकों के आधार पर उम्मीदवारों को कंप्यूटर दक्षता जांच हेतु चयनित किया जाएगा।

ग) चयनित उम्मीदवारों के लिए कंप्यूटर दक्षता जांच में केवल उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।

घ) जो उम्मीदवार कंप्यूटर दक्षता जांच में उत्तीर्ण हो जाते हैं, उनके प्रथम तथा द्‌वितीय चरण के अंकों को एक साथ जोड़कर अंतिम मेधासूची और अंतिम चयनसूची तैयार की जाएगी।

III. **<u>कनिष्ठ अनुवादक (राजभाषा) के पद हेतु</u>** द्वितीय चरण की परीक्षा का मूल्यांकन केवल उन्हीं उम्मीदवारों का किया जाएगा जिन्होंने प्रथम चरण में न्यूनतम उत्तीर्णता अंक प्राप्त किए हैं, जिसका निर्धारण प्राधिकार के निर्णयानुसार किया जाएगा। मेधा सूची तैयार करने के लिए प्रथम तथा द्वितीय चरणों में प्राप्त अंकों को जोड़ा जाएगा।

IV. **आशुलिपिक श्रेणी 'डी' के पद हेतु**: यदि उम्मीदवार अपने आवेदनपत्र में आशुलिपिक परीक्षा के लिए माध्यम का उल्लेख नहीं करता है तो प्राधिकार ऐसे उम्मीदवारों के लिए आशुलिपिक परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी निर्धारित करेगा।

किसी वर्ग के उम्मीदवार को कौशल परीक्षा से कोई छूट नहीं मिलेगी। जिन उम्मीदवारों ने आशुलिपिक परीक्षा में हिंदी माध्यम रखा है उन्हें भी नियुक्ति के बाद अंग्रेजी आशुलिपि सीखने तथा इसी प्रकार अंग्रेजी माध्यम वाले उम्मीदवारों को हिंदी आशुलिपि सीखने की जरूरत होगी। वीएच उम्मीदवारों को अंग्रेजी शॉर्टहैंड में 75 मिनट में तथा हिंदी शॉर्टहैंड में 100 मिनट में विषयवस्तु को लिप्यांकित करना होगा।

उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा में उनके प्रदर्शन के आधार पर कौशल जांच के लिए चयनित किया जाएगा। उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेधा सूची तैयार की जाएगी, किंतु केवल उन्हीं उम्मीदवारों की जो कौशल जांच में उत्तीर्ण हुए हों।

V. **पटवारी पद के लिए :** प्रथम चरण केवल द्वितीय चरण हेतु चयन के लिए होगा। इसके बाद उम्मीदवारों के अंतिम चयन के लिए मेधासूची केवल उम्मीदवार द्वारा द्वितीय चरण की परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी। **नोट:- नवनियुक्त उम्मीदवारों के लिए विभाग द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा और उन्हें प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत ही परिवीक्षा से मुक्त किया जाएगा।**

VI. ऑन-लाइन परीक्षा का स्तर तथा पाठ्यक्रम निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के स्तर का होगा। ऑनलाइन परीक्षा का माध्यम सभी पदों के लिए केवल हिंदी/अंग्रेजी होगा। लिखित परीक्षा का अंक अधिभार 85% तथा साक्षात्कार का 15% होगा, यथा निर्धारित अनुसार।

**10. <u>गलत उत्तर के लिए अंक-कटौती</u>:**

उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि अनुमान लगाने को हतोत्साहित करने के लिए, ऐसे सभी मामलों में जहां प्रश्न 01 अंक का है, उन गलत उत्तरों/ बहुविकल्पी उत्तरों

के लिए प्रति उत्तर 0.33 अंक का जुर्माना (ऋणात्मक मूल्यांकन) किया जाएगा, जिन्हें उम्मीदवार ने बहुविकल्पी प्रश्नपत्र में दिए गए चार विकल्पों में से चिह्नित किया है।

**11. <u>मेधा सूची की तैयारी</u>:**

संबंधित पदों के लिए, उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन परीक्षा में प्राप्त अंकों के साथ साक्षात्कार में प्राप्त अंकों को यथानिर्धारित अनुसार जोड़कर, उसके आधार पर सभी सफल उम्मीदवारों की मेधासूची अलग-अलग तैयार की जाएगी।

हालांकि, यदि दो या ज्यादा उम्मीदवार एक ही मेधाअंक प्राप्त करते हैं, तो उनकी मेधा तय करने के लिए उनकी जन्मतिथि को आधार बनाया जाएगा अर्थात, ज्यादा आयु के उम्मीदवार को मेधासूची में ऊपर रखा जाएगा।

**12. <u>सामान्य शर्तें:</u>**

क) सभी दृष्टिबाधित दिव्यांग (वीएच) उम्मीदवार जिनकी दृष्टि अक्षमता चालीस प्रतिशत (40%) से कम न हो सहित अंधे तथा आंशिक रूप से अंधे व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति जिनको लिखने में शारीरिक अक्षमता है जिसके तहत गति में कमी भी सम्मिलित है, तथा जिन्होंने परीक्षा के लिए आवेदन किया है, वे अपनी सहायता के लिए एक सहायक प्राप्त कर सकते हैं। उम्मीदवार अपने ऑनलाइन आवेदनपत्र में डीडीए से इसका अनुरोध कर सकते हैं।

ख) चालीस प्रतिशत से कम दृष्टिबाधित व्यक्तियों को दृष्टिबाधित दिव्यांग नहीं माना जाएगा।

ग) एक आंख वाले उम्मीदवार तथा आंशिक अंधे उम्मीदवार जो सभी उम्मीदवारों की तरह सामान्य प्रश्नपत्र सेट को आवर्धक लेंस के द्वारा या बगैर भी पढ़ सकते हैं, और जो आवर्धक लेंस की मदद से उत्तर देना/चिह्नित करना चाहते हैं, उन्हें परीक्षा कक्ष में आवर्धक लेंस इस्तेमाल करने की इजाजत होगी और लेखन-सहायक लेने के अधिकारी नहीं होंगे। ऐसे उम्मीदवार परीक्षा कक्ष में अपना आवर्धक लेंस लाएंगे।

घ)

i) परीक्षा में प्रतिघंटे 20 मिनट का अतिरिक्त समय केवल ऐसे अक्षम व्यक्तियों को दिया जाएगा जिन्होंने उपर्युक्त (ए) में उल्लिखित अनुसार लेखन-सहायक की सहायता प्राप्त की है।

(ii) टीए/ डीए केवल अनु.जाति/ जनजाति के उम्मीदवारों को ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने के लिए की गई यात्रा के वैध साक्ष्य के साथ पहचान साक्ष्य, अनु.जाति/ जनजाति का साक्ष्य तथा निवास प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही प्रदान दिया जाएगा।

(iii) चयनित उम्मीदवारों को रु. 2,00,000/- (रु. दो लाख मात्र) का एक सुरक्षा बांड प्रस्तुत करने के लिए कहा जाएगा। यदि वे तीन वर्षों की सेवा पूर्ण करने से पहले प्राधिकार की सेवा छोड़ते हैं (परिवीक्षा अवधि दो वर्ष+तत्पश्चात एक वर्ष नियमित सेवा), तो उम्मीदवार द्वारा दाखिल सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी।

(iv) नियुक्ति के लिए निर्धारित सभी नियम तथा शर्तें परिवीक्षाधीन प्रशिक्षु पर भी लागू होंगी।

**परिवीक्षा अवधि**: दो वर्षों की परिवीक्षा अवधि के दौरान, चयनित उम्मीदवारों को विभागीय प्रक्रियाओं आदि के बारे में आंतरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उम्मीदवार जब डीडीए द्वारा निर्धारित विभागीय परीक्षा पूर्ण/ उत्तीर्ण कर लेगा तब उसकी परिवीक्षा को स्थायी कर दिया जाएगा। इसके अलावा पद कोड 05 (सहायक लेखा अधिकारी) के लिए नियुक्त उम्मीदवारों को विभागीय कार्यों जैसे एफआरएसआर, सिविल एकाउंट कोड तथा सार्वजनिक कार्य एकाउंट में अपेक्षित जानकारी से संबंधित विषयों में अधिकतम दो वर्ष की अवधि के भीतर एक परीक्षा पास करनी होगी जिसमें अनुत्तीर्ण रहने पर वे वार्षिक वेतन वृद्धि प्राप्त करने के पात्र नहीं रहेंगे और उन्हें अगले पद पर पदोन्नति भी नहीं प्राप्त होगी।

## 13. दस्तावेजों का सत्यापन:

परीक्षा में सफल चयनित उम्मीदवारों को यथा निर्धारित साक्षात्कार बोर्ड के समक्ष मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के लिए बुलाया जाएगा।

गैर-साक्षात्कार पदों के लिए, प्रस्ताव/ नियुक्तिपत्र जारी करने से पूर्व दस्तावेजों के साथ पहचान का सत्यापन किया जाएगा जिसकी तिथि के बारे में अलग से सूचित किया जाएगा।

उम्मीदवारों के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे उनके मूल दस्तावेजों के सत्यापन के उद्देश्य से निर्धारित तिथि पर, साक्षात्कार बोर्ड के समक्ष अथवा दस्तावेज तथा पहचान सत्यापन के लिए निम्नलिखित मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होंगे जिसके साथ वे इनकी एक स्वयं अभिप्रमाणित फोटोकॉपी भी लाएंगे:-

(i) उम्मीदवार के स्कैन हस्ताक्षर तथा फोटो के साथ कंप्यूटर से प्राप्त मुद्रित आवेदनपत्र।

(ii) निर्धारित शुल्क जमा करने के प्रमाणस्वरूप शुल्क भुगतान चालान।

(iii) माध्यमिक विद्यालय परीक्षा का प्रमाणपत्र/अंकपत्र, जिसमें उम्मीदवार की जन्मतिथि का उल्लेख किया गया हो।

(iv) सभी शैक्षणिक तथा पेशेवर/ उच्चतर शैक्षणिक योग्यताओं की उपाधियां तथा प्रमाणपत्र के साथ सभी वर्षों/ सेमेस्टर के अंकपत्र।

(v) अनु.जाति/ जनजाति/ अन्य पि.व. का प्रमाणपत्र, जैसा मामला हो, संबद्ध सक्षम अधिकारी द्वारा जारी, संलग्न नमूने के अनुसार (यदि लागू हो)।

(vi) नियोजन प्रमाणपत्र, यदि आप डीडीए के वर्तमान कर्मचारी हैं या कहीं भी सेवा में हैं। सरकारी विभागों/ पीएसयू/ स्वायत्त निकायों में पूर्व से नियोजित उम्मीदवारों को सेवा में योगदान करने के समय अपने नियोक्ता द्वारा जारी एक 'अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी)' प्रस्तुत करना होगा, यदि उन्हें नियुक्ति का प्रस्ताव मिलता है।

(vii) संबद्ध सक्षम प्राधिकार द्वारा जारी अक्षमता प्रमाणपत्र (जिसमें अक्षमता का प्रकार तथा प्रतिशत उल्लिखित हो) संलग्न नमूने के अनुसार होना चाहिए।

(viii) आधार कार्ड, यदि जारी न किया गया हो तो आधार हेतु पंजीकरण पर्ची।

(ix) पहचान का प्रमाण जैसे वोटर पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि।

(x) अन्य सभी दस्तावेज, विज्ञापन तथा/या बुलावापत्र में उल्लिखित अनुसार।

(xi) यदि उम्मीदवार मूल दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार बोर्ड के समक्ष या दस्तावेजों/ पहचान के सत्यापन हेतु उपस्थित नहीं होता है, तो वह नियुक्ति का पात्र नहीं होगा और उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। किसी भी मामले में साक्षात्कार/ या दस्तावेजों/ पहचान के सत्यापन का दूसरा मौका प्रदान नहीं किया जाएगा।

**14. आवेदन कैसे करें:**

(i) उम्मीदवारों को वेबसाइट: **http://www.dda.org.in**. पर लॉग-इन कर **ऑनलाइन** आवेदन करना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए विस्तृत निर्देश उपर्युक्त उल्लिखित वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवारों को ये निर्देश ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए और इनका पूरी तरह पालन करना चाहिए।

**उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदनपत्र दाखिल करने के बाद अपने हालिया फोटो से एक स्कैन (डिजिटल) तस्वीर (100 केबी से कम) तथा स्कैन हस्ताक्षर (50 केबी से कम) अपलोड करना होगा। इसके अलावा, अनु.जाति/ जनजाति/ पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को सक्षम**

**प्राधिकार द्वारा जारी अपना जाति प्रमाणपत्र/ मेडिकल अक्षमता प्रमाणपत्र भी अपलोड करना होगा। अन्य कोई दस्तावेज अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है।**

**आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे केवल एक ही आवेदन दाखिल करें; हालांकि, यदि किसी अपरिहार्य कारण से, वह दूसरा/ कई आवेदन दाखिल करता/ करती है, तो उसे यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि उच्चतर पंजीकरण आईडी (आरआईडी) के द्वारा दाखिल किया जानेवाला आवेदन सभी तरह से पूर्ण हो, जैसे- आवेदक का विवरण, फोटो, हस्ताक्षर आदि। ऐसे उम्मीदवार जो कई आवेदन दाखिल कर रहे हैं उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि केवल उच्चतर आरआईडी के माध्यम से ही आवेदनों को डीडीए द्वारा दाखिल किया जाएगा।**

iii) सभी उम्मीदवार, चाहे वे पूर्व से सरकारी सेवा, सरकारी स्वामित्व वाले औद्योगिक उपक्रमों या इसी प्रकार के अन्य संगठनों में हों, या निजी कर्मचारी हों, उन्हें प्रस्ताव/ नियुक्तिपत्र प्रदान करने से पूर्व उनके वर्तमान नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

iv) पूर्व से सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति, चाहे वे स्थायी या अस्थायी आधार पर या कार्यप्रभारी कर्मचारी के तौर पर नियोजित हों और जो आकस्मिक या दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी न हों या जो सर्वजनिक उपक्रमों के अंतर्गत सेवारत हैं, से भी तथापि, यह अपेक्षित होगा कि वे इस आशय का एक हलफनामा दाखिल करें कि उन्होंने अपने कार्यालय/ विभाग के प्रमुख को इसकी लिखित सूचना दी है कि वे डीडीए में भर्ती के लिए आवेदन कर रहे हैं। उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि यदि उनके नियोक्ता से डीडीए को इस आशय का कोई पत्र प्राप्त होता है कि उम्मीदवार को आवेदन करने/ परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी गई है तो, उनका आवेदन खारिज / उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

**नोट:**

i) **उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ, आयु, शैक्षणिक योग्यता तथा अनुभव आदि के बारे में अपने दावे के समर्थन में कोई प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। तथापि, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति से आनेवाले तथा अक्षम उम्मीदवारों से अपेक्षित है कि वे, जैसा लागू हो, केवल अपना जाति प्रमाणपत्र/ मेडिकल अक्षमता प्रमाणपत्र अपलोड करें। परीक्षा के लिए आवेदन कर रहे उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे परीक्षा में बैठने के लिए पात्रता की सभी शर्तें पूर्ण करते हैं। परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश,**

**जिसके लिए उन्हें डीडीए द्वारा अनुमति दी गई है, निर्धारित पात्रता शर्तों को पूर्ण करने तक पूरी तरह औपबंधिक होगा। ऑनलाइन परीक्षा, साक्षात्कार, कंप्यूटर दक्षता परीक्षा तथा कौशल जांच (यथा लागू) के पूर्व या पश्चात किसी भी समय, ऐसा पाया गया कि वे किसी भी एक पात्रता शर्त को पूरा नहीं करते हैं, तो परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी डीडीए द्वारा रद्द कर दी जाएगी। यदि उनका कोई भी दावा झूठा पाया जाता है, तो उनपर डीडीए द्वारा यथा उपयुक्त अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।**

**ii)** कोई उम्मीदवार, जिसे डीडीए द्वारा निम्नलिखित का दोषी ठहराया गया है:

क) निम्नलिखित साधनों से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करना, यथा:-

i. हेतु अवैध पारितोषिक प्रस्तावित करना, या

ii. पर दबाव डालना, या

iii. परीक्षा से जुड़े किसी व्यक्ति का भयादोहन करना, भयादोहन की धमकी देना, या

ख) नकल करना, या

ग) किसी व्यक्ति से नकल प्राप्त करना, या

घ) जाली दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज दाखिल करना, जिनमें छेड़छाड़ की गई है, या

ङ) ऐसे वचन देना जो असत्य या झूठे या जानकारी को छिपाने की नीयत से दिए गए हैं, या

च) परीक्षा में अपनी उम्मीदवारी के संदर्भ में निम्नलिखित साधनों का सहारा लेना, यथा-

i. अनुचित साधनों से प्रश्नपत्र की प्रति प्राप्त करना,

ii. परीक्षा के गोपनीय कार्यों से संबद्ध व्यक्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त करना।

iii. परीक्षकों को प्रभावित करना, या

छ) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का इस्तेमाल करना, या

ज) कॉपी में अश्लील बातें लिखना या अश्लील चित्र बनाना, या

झ) परीक्षा कक्ष में अनुचित व्यवहार करना जैसे पन्ने फाड़ना, साथी परीक्षार्थियों को परीक्षा का बहिष्कार करने के लिए उकसाना, अव्यवस्थित माहौल बनाना तथा इसी प्रकार के अन्य कार्य, या

ञ) डीडीए द्वारा उनकी परीक्षा के संचालन के लिए नियुक्त कर्मचारी से छेड़खानी करना या शारीरिक हानि पहुंचाना

ट) परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन, पेजर या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या यंत्र या संचार उपकरण के रूप में इस्तेमाल किए जाने लायक अन्य कोई उपकरण अपने पास रखना या इस्तेमाल करना; या

ठ) प्रवेशपत्र में उम्मीदवार के लिए परीक्षा में शामिल होने की अनुमति के साथ जारी किसी निर्देश का उल्लंघन करना, या

ड) ऐसा कुछ करने का प्रयास करना या जैसा मामला हो, डीडीए को पूर्व वर्णित धाराओं में निर्दिष्ट किसी या सभी कार्रवाई के लिए प्रेरित करने से; उनपर आपराधिक अभियोग लगाने के अलावा, निम्नलिखित कार्रवाई की जा सकती है:

i. उन्हें डीडीए द्वारा उस परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है जिसके लिए वे उम्मीदवार हैं तथा/ या
ii. डीडीए द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा या चयन के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है;
iii. यदि वे पहले से सरकारी सेवारत हैं तो उपयुक्त कानूनों के तहत अनुशासनिक कार्रवाई के लिए अनुशंसा की जा सकती है।

**15. डीडीए से पत्राचार:**

डीडीए किसी भी उम्मीदवार से उनकी उम्मीदवारी के संदर्भ में कोई पत्राचार नहीं करेगा, सिवाय निम्नलिखित मामलों के:

**(i)** योग्य उम्मीदवारों को उपरोक्त निर्देशित तिथियों के अनुसार एक ई-प्रवेशपत्र जारी किया जाएगा। यदि किसी उम्मीदवार को परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व **निर्धारित तिथि** तक अपना ई-प्रवेशपत्र या परीक्षा में उनकी उम्मीदवारी के संदर्भ में कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है, तो उन्हें तुरंत डीडीए से संपर्क करना चाहिए। **इस संदर्भ में डीडीए कार्यालय, विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली-23 स्थित सुविधा केंद्रों तथा फोन (011-24649644) से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यदि उम्मीदवार की ओर से उनके ई-प्रवेशपत्र प्राप्त न होने के संदर्भ में परीक्षा के कम से कम तीन सप्ताह पूर्व डीडीए के कार्यालय को कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है, तो वे अपना ई-प्रवेशपत्र प्राप्त न होने के लिए केवल स्वयं ही जिम्मेवार होंगे। किसी भी उम्मीदवार को सामान्यतः परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी यदि उनके पास परीक्षा का प्रवेशपत्र नहीं होगा।** उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि परीक्षा में उनका प्रवेश, उनके आवेदनपत्र में उनके द्वारा दी गई सूचनाओं के आधार पर पूर्णतः औपबंधिक होगा। सभी पात्रता शर्तों पर डीडीए द्वारा इसका सत्यापन किया

जाएगा। **केवल यही वास्तविकता है कि उम्मीदवार को परीक्षा में प्रवेश का प्रमाणपत्र जारी करने का यह तात्पर्य नहीं होगा कि** डीडीए **द्‍वारा उसकी उम्मीदवारी अंतिम रूप से तय कर दी गई है या उम्मीदवार द्‍वारा आवेदनपत्र में दर्ज की गई प्रविष्टियां** डीडीए **द्‍वारा सही तथा सत्य मान कर स्वीकार कर ली गई हैं। उम्मीदवार ध्यान दें कि** डीडीए, **मूल दस्तावेजों के संदर्भ में, केवल तभी किसी उम्मीदवार की पात्रता शर्तों का सत्यापन करता है, जब उम्मीदवार परीक्षा पास कर लेता है। जबतक** डीडीए **द्‍वारा उम्मीदवारी को औपचारिक रूप से स्वीकृति नहीं दी जाती, यह औपबंधिक बना रहेगा।** पात्रता के संदर्भ में या अन्यथा परीक्षा में उम्मीदवार के प्रवेश के लिए डीडीए का निर्णय अंतिम होगा। उम्मीदवार ध्यान दें कि ई-प्रवेशपत्रों पर नाम कुछ मामलों में, तकनीकी कारणों से संक्षिप्त रूप में दर्ज हो सकता है।

**(ii)** यदि उम्मीदवार डीडीए की वेबसाइट से एक से ज्यादा प्रवेशपत्र डाउनलोड कर रहा है तो, उसे परीक्षा में प्रवेश के लिए इन प्रवेशपत्रों में से केवल एक का उपयोग करना चाहिए और अन्यों के बारे में डीडीए कार्यालय को सूचित करना चाहिए।

**(iii)** यदि किसी उम्मीदवार को किसी अन्य उम्मीदवार का प्रवेशपत्र प्राप्त होता है तो उसे तुरंत इसे डीडीए को लौटा देना चाहिए और सही ई-प्रवेशपत्र जारी करने का अनुरोध करना चाहिए। उम्मीदवार ध्यान दें कि उन्हें किसी अन्य उम्मीदवार के लिए जारी प्रवेशपत्र के आधार पर परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी।

**(iv)** उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि उनके ऑनलाइन आवेदन में दिया गया ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर वैध है और यह संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया जारी रहने तक चालू रहता है।

**महत्वपूर्ण:** डीडीए के साथ सभी संपर्कों में निम्नलिखित विवरण शामिल होने चाहिए।

1. नाम और परीक्षा का वर्ष
2. पंजीकरण आईडी (आरआईडी)
3. कमरा नं. (यदि प्राप्त हो)
4. उम्मीदवार का नाम (पूर्ण और बड़े अक्षरों में)
5. आवेदन में दिए गए अनुसार पूरा डाक पता।

**एन.बी.1 उपरोक्त विवरण रहित संपर्क का उत्तर नहीं दिया जाएगा।**

**एन.बी.II. उम्मीदवार भविष्य के संदर्भ के लिए अपना आरआईडी नंबर लिखकर रखें। उन्हें परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के संदर्भ में इनका उल्लेख करने की जरूरत पड़ सकती है।**

**16.** कोई उम्मीदवार केवल तभी सामुदायिक आरक्षण की पात्रता हासिल कर सकेगा जब उम्मीदवार जिस खास जाति से आता है वह केंद्र सरकार द्वारा जारी आरक्षित जातियों की सूची में शामिल हो। यदि उम्मीदवार परीक्षा के लिए अपने आवेदनपत्र में उल्लेख करता है कि वह अनारक्षित (यूआर) श्रेणी से आता है लेकिन बाद में डीडीए से अपनी श्रेणी को बदल कर आरक्षित करने का अनुरोध करता है, तो ऐसे अनुरोध को डीडीए स्वीकार नहीं करेगा। शारीरिक रूप से अक्षम श्रेणियों के लिए भी इसी प्रकार के नियम का पालन किया जाएगा। यद्यपि उपरोक्त नियमों का सामान्यतः पालन किया जाएगा, कुछ मामले ऐसे हो सकते हैं जहां किसी आरक्षित जाति की सूची में किसी खास जाति को शामिल करने के लिए सरकारी अधिसूचना जारी होने और उम्मीदवार द्वारा आवेदन दाखिल करने की तिथि के बीच छोटा सा अंतराल (2-3 माह का) रहा हो। इस प्रकार के मामलों में, डीडीए द्वारा जाति को सामान्य से आरक्षित में परिवर्तित करने का अनुरोध योग्यता के आधार पर माना जा सकता है। यदि कोई उम्मीदवार परीक्षा की प्रक्रिया के दौरान दुर्भाग्य से शारीरिक दिव्यांग हो जाता है, तो उम्मीदवार को इस मामले पर योग्यता के आधार पर डीडीए द्वारा कोई निर्णय लेने में सुविधा के लिए वैध दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहिए।

**17.** अनु.जाति/जनजाति/ अन्य पि. व./ पीडबल्यूडी के लिए उपलब्ध आरक्षण/ छूट प्राप्ति के इच्छुक उम्मीदवार अवश्य सुनिश्चित करेंगे कि वे नियम/सूचना में निर्धारित पात्रता के अनुसार यह आरक्षण/छूट प्राप्त करने के हकदार हैं। उनके पास इस प्रकार के लाभ के लिए निर्दिष्ट नियम/सूचना के अनुसार, अपने दावे के समर्थन में अनुशंसित प्रारूप में आवश्यक प्रमाणपत्र भी होने चाहिए, और ये प्रमाणपत्र परीक्षा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि (बंद करने की तिथि) से पूर्व के होने चाहिए।

**18. आवेदन वापस लेना:**

उम्मीदवार द्वारा आवेदन दाखिल करने के बाद किसी भी स्थिति में, उम्मीदवार द्वारा उम्मीदवारी वापस करने का कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**19. अन्य निर्देश:-**

(i) दिल्ली विकास प्राधिकार, यदि आवश्यक हो तो, बिना किसी पूर्व सूचना के, भर्ती प्रक्रिया को रद्द/ प्रतिबंधित/ विस्तारित/ संशोधित/ परिवर्तित करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखते हैं।

(ii) किसी विवाद की स्थिति में, न्यायक्षेत्र दिल्ली होगा।

**आयुक्त (कार्मिक)**
**दिल्ली विकास प्राधिकरण**

# <u>पाठ्यक्रम</u>

## ➢ उपनिदेशक (पीआर)

**<u>इकाई-1:- जनसंपर्क</u>**

जनसंपर्क: परिभाषा, संचार कार्य के तौर पर पीआर।

पीआर, प्रचार और जनमत, विज्ञापन के बीच फर्क।

दोतरफा संचार के रूप में पीआर, पीआर की प्रक्रिया, विभिन्न क्षेत्रों में पीआर- जैसे सरकारी, गैर-सरकारी।

जनसंपर्क में जनता, पीआर द्वारा संकट-समाधान: पीआर संपर्क तथा कैसे एक प्रभावी पीआर संपर्ककर्ता बनें।

**<u>इकाई-2:- जनसंपर्क</u>**

जन पीआर के प्रकार: आंतरिक तथा बाह्य

पीआर औजार, प्रेस कांफ्रेंस, प्रेस रिलीज, पत्रिकाएं

पीआर की नीति संहिता, प्रेस संबंधी कानून,

**<u>इकाई-3:- विज्ञापन</u>**

परिभाषा, कार्यक्षेत्र, ऐतिहासिक विकास

विज्ञापन के प्रकार

विज्ञापन के नैतिक पहलू, कानून तथा विज्ञापन।

**<u>इकाई-4:- विज्ञापन एजेंसी</u>**

विज्ञापन एजेंसी की संरचना तथा कार्य तथा प्रकार

विज्ञापन अपील, मीडिया चयन तथा कॉपी लेखन- अखबार, पत्रिका, रेडियो,

विज्ञापन जांच तथा अनुसंधान।

**उम्मीदवार की तर्कशक्ति, अंकगणितीय रुझान तथा अंग्रेजी में निपुणता तथा सामान्य जागरुकता का मूल्यांकन किया जाएगा।**

क) तर्क के टेस्ट

ख) मात्रामात्मक योग्यता का परीक्षण

ग) सामान्य जागरूकता का परीक्षण और

घ) अंग्रेजी भाषा का परीक्षण

- **उपनिदेशक (योजना), सहायक निदेशक (योजना) एआर वास्तुकला तथा योजना**

**<u>खंड 1:</u>** वास्तुकला तथा डिजाइन 2डी और 3डी में दृश्य संरचना; कला तथा वास्तुकला के सिद्धांत; स्थान का संगठन; वास्तु ग्राफिक्स; कंप्यूटर ग्राफिक्स- सीएडी, बीआईएम, 3डी मॉडलिंग तथा वास्तुकला प्रतिपादन; प्रोग्रामिंग की भाषा तथा ऑटोमेशन। एंथ्रोपोमेट्रिक्स; विभिन्न प्रकार की इमारतों के लिए योजना तथा डिजाइन निर्धारण; स्थल योजना; प्रसार- क्षैतिज तथा लंबवत; अवरोधमुक्त डिजाइन; स्थान मानक; इमारत संहिता; राष्ट्रीय इमारत संहिता। भारतीय तथा पश्चिमी वास्तुकला के इतिहास के विभिन्न कालों के मूल तत्व, संरचना, वास्तुकला शैलियां तथा उदाहरण; प्राच्य, देशी तथा परंपरागत वास्तुकला; औद्योगिक क्रांति के बाद वास्तुकला का विकास; वास्तुकला पर मॉडर्न आर्ट का प्रभाव; आर्ट नोव्यू, सारसंग्रहवाद, अंतर्राष्ट्रीय शैलियां, उत्तर आधुनिकता, वास्तुकला में विखंडन, समकालीन वास्तुकला के वर्तमान रुझान; प्रख्यात राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय वास्तुकारों के कार्य।

**खंड 2:** इमारती सामग्रियां, निर्माण तथा प्रबंधन व्यवहारगत विशेषताएं तथा विभिन्न इमारती सामग्रियों के अनुप्रयोग जैसे कीचड़, लकड़ी, बांस, ईंट, कंक्रीट, स्टील, कांच, एफआरपी, एएसी, विभिन्न पॉलीमर, मिश्रण। इमारत निर्माण तकनीक, विधि तथा विवरण; इमारत प्रणालियां तथा इमारत के तत्वों का अलग से निर्माण; मॉड्यूलर सहयोगिता के सिद्धांत, प्राक्कलन, विनिर्देशन, मूल्यांकन, पेशेवर व्यवहार; निर्माण योजना तथा उपकरण; परियोजना प्रबंधन युक्तियां जैसे पीईआरटी, सीपीएम आदि।

**खंड 3:** इमारत तथा संरचनाएं; सामग्रियों की क्षमता के सिद्धांत; लकड़ी, स्टील और आरसीसी में संरचनात्मक तत्व के डिजाइन; एलास्टिक तथा लिमिट स्टेट डिजाइन; आरसीसी तथा स्टील में संरचनात्मक प्रणाली; प्रारूप तथा संरचना; पूर्व-दबाव के सिद्धांत; ऊंची उठान और लंबे मेहराब वाली संरचनाएं; गुरुत्व तथा पार्श्व भार प्रतिरोधी प्रणाली; आपदा प्रतिरोधी संरचनाओं के सिद्धांत और डिजाइन।

**खंड 4:** पर्यावरणीय योजना तथा डिजाइन, पर्यावरणतंत्र- प्राकृतिक तथा मनुष्य निर्मित पर्यावरणतंत्र; पारिस्थितिकी सिद्धांत; पर्यावरण प्रभाव विश्लेषण की अवधारणा; योजना और डिजाइन में पर्यावरण की समझ, ताप सुविधाजनक, वातायन तथा वायु संचार; प्रकाश तथा प्रदीप्ति के सिद्धांत; जलवायु संवेदी डिजाइन; सौर स्थापत्य; वास्तुकला ध्वनिशास्त्र के सिद्धांत; हरित इमारत- अवधारणा तथा श्रेणीकरण; एसीबीसी; इमारत कार्यप्रदर्शन अनुकरण और मूल्यांकन; पर्यावरण प्रदूषण- प्रकार, कारण, नियंत्रण तथा कमी की रणनीति।

**खंड 5:** शहरी डिजाइन अवधारणा तथा शहरी डिजाइन के सिद्धांत; जन-धारणा; टाउनस्केप; सार्वजनिक स्थान; धारणीय विकास तथा परिवहन हेतु शहरी डिजाइन प्रयास; शहरी डिजाइन के ऐतिहासिक तथा आधुनिक उदाहरण; सार्वजनिक स्थान, चरित्र, स्थानिक विशेषताएं तथा स्थान का ज्ञान; शहरी निर्मित वातावरण के मूल तत्व- शहरी फार्म, रिक्त स्थान, संरचना, प्रतिरूप, संगठन, बनावट, धान्य आदि; शहरी डिजाइन के सिद्धांत, औजार तथा तकनीकें; शहरी नवीकरण तथा संरक्षण; स्थल योजना; लैंडस्केप डिजाइन, विकास नियंत्रण- एफएआर, घनत्व तथा इमारत संबंधी उपनियम।

**खंड 6:** शहरी योजना तथा आवास योजना प्रक्रियाएं; योजना के प्रकार- मास्टर प्लान; सिटी विकासप्लान, संरचना योजना, जोनल प्लान, एक्शन एरिया प्लान, शहरी नियोजन योजना, रीजनल प्लान; शहरी नियोजन की प्रमुख अवधारणा, सिद्धांत तथा विशिष्ट तत्व; धारणीय शहरी विकास, नगरों की उभरती अवधारणाएं- इको-सिटी, स्मार्ट सिटी, ट्रांजिट ऑरियंटेड डेवलपमेंट (टीओडी), एसएजेड, एसआरजेड आदि। आवास; पड़ोसी की अवधारणा, सिद्धांत तथा उदाहरण; आवास प्रकारशास्त्र; स्लम, सस्ते आवास; खास क्षेत्रों तथा जरूरतों के लिए आवास; आवासीय घनत्व; आवास तथा सामुदायिक सुविधाओं के मानदंड, राष्ट्रीय आवास नीतियां, कार्यक्रम तथा योजनाएं।

**खंड 7:** योजना तकनीक तथा प्रबंधन औजार तथा सर्वेक्षण की तकनीक- भौतिक, स्थलाकृतिक, भू-उपयोग तथा सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण; गैर-स्थानिक तथा स्थानिक आंकड़ा विश्लेषण की विधियां; स्थानिक आंकड़ों का ग्राफ प्रस्तुतिकरण; शहरी तथा क्षेत्रीय योजना में जी.आई.एस. तथा रिमोट सेंसिंग तकनीकों के अनुप्रयोग; निर्णय सहायता प्रणाली तथा भू-सूचना प्रणाली। शहरी अर्थव्यवस्था; भूमि की मांग और आपूर्ति का कानून और योजना में इसका उपयोग; समाजिक आर्थिक तथा पर्यावरणीय लागत लाभ विश्लेषण; वित्तीय आकलन की तकनीकें; अवसंरचना परियोजनाओं का प्रबंधन; विकास दिशानिर्देश जैसे यूआरडीपीएफआई; योजना विधि तथा प्रवर्तन- भू-अर्जन अधिनियम, पीपीपी आदि; स्थानीय स्वशासन।

**<u>खंड 8</u>**: सेवाएं, अवसंरचना तथा परिवहन, इमारती सेवाएं: जलापूर्ति, सीवरेज तथा ड्रेनेज प्रणाली, स्वच्छता फिटिंग तथा फिक्सचर, प्लंबिंग प्रणाली; आंतरिक तथा बाह्य ड्रेनेज प्रणाली के सिद्धांत, इमारत के विद्युतीकरण के सिद्धांत, कुशल इमारत; एलीवेटर तथा एस्केलेटर- मानक तथा उपयोग; वातानुकूलन प्रणाली; अग्निरोधी प्रणालियां, इमारत सुरक्षा तथा रक्षा प्रणालियां। शहरी अवसंरचना- परिवहन, जलापूर्ति, सीवरेज, ड्रेनेज, ठोस कचरा प्रबंधन, विद्युत तथा संचार, परिवहन योजना तथा यातायात अभियंत्रण की प्रक्रिया तथा सिद्धांत; सड़क क्षमता, यातायात सर्वेक्षण विधियां, यातायात प्रवाह के तत्व; यातायात विश्लेषण तथा डिजाइन का महत्व; यात्रा मांग पूर्वानुमान; भू-उपयोग-परिवहन-शहरी स्वरूप अंतर-संबंध; सड़क की डिजाइनें, चौराहे, श्रेणी-विभाजक तथा पार्किंग क्षेत्र;

सड़कों का पदानुक्रम तथा सेवाओं का स्तर; शहरी क्षेत्र में यातायात तथा परिवहन प्रबंधन तथा नियंत्रण; समूह परिवहन योजना; पाराट्रांजिट तथा परिवहन के अन्य तरीके, पैदल तथा धीमी गति के यातायात की योजना; कुशल परिवहन प्रणालियां। जलापूर्ति तथा स्वच्छता प्रणालियों के सिद्धांत; जल उपचार; जलापूर्ति तथा वितरण प्रणाली; जल संचयन प्रणालियां; तूफानी जल निकासी प्रणाली के सिद्धांत, योजना तथा डिजाइन; मलजल निस्तारण विधियां; ठोस कचरा प्रबंधन की विधियां- संग्रहण, परिवहन तथा निपटान; ठोस अपशिष्ट का पुनःचक्रण तथा पुनरुपयोग; विद्युत आपूर्ति तथा संचार प्रणालियां, नेटवर्क, डिजाइन तथा दिशानिर्देश।

**उम्मीदवार की तर्कशक्ति, गणनात्मक रुझान तथा अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान में कुशलता का आकलन किया जाएगा।**

ङ) तर्क का परीक्षण

च) मात्रात्मक योग्यता का परीक्षण

छ) सामान्य जागरूकता का परीक्षण और

ज) अंग्रेजी भाषा का परीक्षण

- **सहायक निदेशक (मंत्रीस्तरीय)**

**(क) सामान्य बुद्धिमत्ता तथा तर्कशक्ति**: इसमें शाब्दिक तथा गैर-शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल हो सकते हैं। इस भाग में सादृश्यता, समानताएं और असमानताएं, स्थान दृश्यता, स्थानिक अभिविन्यास, समस्या समाधान, विश्लेषण, निर्णय, फैसला करना, दृश्य स्मृति, विभेदन, अवलोकन, संबंध अवधारणाएं, अंकगणितीय तर्कशक्ति तथा आकृति वर्गीकरण, अंकगणितीय अंक श्रेणी, आकृति श्रेणी, समस्या समाधान, शब्द निर्माण, कूटीकरण तथा विकूटीकरण, 19 संख्यात्मक संचालन, संकेतात्मक संचालन, ट्रेंड्स, स्थानिक अभिविन्यास, स्थानिक दृश्यता, वेन डायग्राम, अनुमान चित्रांकन, पंच्ड छिद्र/ पैटर्न- खोलना तथा तह करना, आकृति पैटर्न- तह करना और पूरा करना, संकेतसूची बनाना, पता मिलाना, तिथि और शहर मिलान करना, केंद्र कूट/ क्रमांक संख्या वर्गीकरण, छोटे तथा बड़े अक्षर/ अंक कूटीकरण, विकूटीकरण तथा वर्गीकरण संबंधी प्रश्न होंगे।

**(ख) सामान्य जागरुकता**: इस भाग में शामिल प्रश्नों का मकसद होगा, उम्मीदवारों के आसपास के वातावरण तथा समाज में इसकी भूमिका के बारे में सामान्य ज्ञान की जांच करना। प्रश्नों को वर्तमान घटनाक्रम और प्रतिदिन के अवलोकन में आनेवाले विषयों तथा उनके वैज्ञानिक पहलुओं के अनुभव के बारे में जानकारी, जिसकी हर शिक्षित व्यक्ति से

अपेक्षा रखी जा सकती है, की जांच के अनुसार भी तैयार किया जाएगा। इस जांच में भारत तथा इसके पड़ोसी देशों, खासकर उनके इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य, सामान्य नीतियां तथा वैज्ञानिक अनुसंधानों से संबंधित प्रश्नों को भी शामिल किया जाएगा।

**<u>(ग) गणनात्मक रुझान</u>**: इस भाग के प्रश्नों को अंकों के सही इस्तेमाल तथा उम्मीदवार के अंक ज्ञान की क्षमता की जांच के लिए तैयार किया गया है। इस जांच में शामिल होंगे: समस्त संख्याओं का गणन, दशमलव, भिन्न तथा अंकों के बीच संबंध, प्रतिशत, अनुपात तथा समानुपात, वर्गमूल, औसत, ब्याज, लाभ तथा हानि, छूट, भागीदार व्यवसाय, मिश्रण तथा आरोपण, समय तथा दूरी, समय तथा कार्य, मूलभूत बीजगणितीय सर्वसमिका स्कूल बीजगणित से, त्रिभुज तथा इसके विभिन्न प्रकार के केंद्र, त्रिकोण की एकरूपता और समरूपता, वृत्त तथा इसके ज्या, स्पर्शरेखा, वृत्त के ज्या द्वारा जुड़े कोण, दो या अधिक वृत्तों के लिए समान स्पर्शरेखाएं, त्रिकोण, चतुर्भुज, नियमित बहुभुज, वृत्त, गोला, गोलार्ध, समानांतर आयत, त्रिकोणीय या चौकोर आधार के साथ नियमित सही पिरामिड, त्रिकोणमिति अनुपात, मानक सर्वसमिका, पूरक कोण, ऊंचाई और दूरी, आयतचित्र, आवृत्त बहुभुज, बार आरेख तथा पाई आरेख।

**(घ) अंग्रेजी भाषा तथा समझ:** इस भाग के प्रश्न उम्मीदवारों की अंग्रेजी भाषा की जानकारी और समझ की जांच के अनुसार तैयार किए जाएंगे और ये आधारित होंगे: गलती चिह्नित करें, खाली स्थान भरना, समानार्थक, विपरीतार्थक, वर्तनी/ गलत वर्तनी के शब्द पकड़ना, मुहावरे और वाक्यांश, एक शब्द बदलना, वाक्य सुधार, सकर्मक अकर्मक क्रिया, प्रत्यक्ष/परोक्ष वर्णन में परिवर्तन, वाक्यांशों को लगाना, अनुच्छेद में वाक्यांशों को लगाना, बंद अवतरण तथा समझ अवतरण।

कार्य के लिए अपेक्षित संबद्ध अनुशासन से भी प्रश्न पूछे जाएंगे।

## ➢ सहायक लेखा अधिकारी

**भाग-I निम्नलिखित बिंदुओं पर अकादमिक क्षेत्र के अद्यतन ज्ञान पर आधारित:**

क) बैलेंस शीट तथा आय विवरण का वित्तीय विश्लेषण

ख) पूंजी बजट निर्णय (जोखिम तथा रिटर्न विश्लेषण, संवेदनात्मकता विश्लेषण, पूंजी समभाजन, समायोजित शुद्ध वर्तमान मूल्य, बदलाव निर्णय, पूंजी बजट निर्णय पर मुद्रास्फीति का प्रभाव आदि)

ग) आयकर प्रावधानों के तहत रीबेट, रिलीफ तथा रीफंड।

**भाग-II अंग्रेजी और सामान्य जागरूकता में मात्रात्मक योग्यता और प्रवीणता उम्मीदवार की तर्क क्षमता को मापने के लिए**

क) तर्क का परीक्षण

ख) क्वांटिटेटिव योग्यता का परीक्षण

ग) सामान्य जागरूकता का परीक्षण और

घ) अंग्रेजी भाषा का परीक्षण

- **कानूनी सहायक**

भारत का संविधान,

दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 के साथ, अद्यतन संशोधित सिविल प्रक्रिया अधिनियम संहिता, 1908 अधिनियम के तहत प्रारूपित नियम तथा विनियमन।

अनुबंध, 1872

साक्ष्य अधिनियम, 1872

हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1 9 56

भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

तिथि तक संशोधन के रूप में आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973

**अंग्रेजी और सामान्य जागरूकता में मात्रात्मक योग्यता और प्रवीणता उम्मीदवार की तर्क क्षमता को मापने के लिए**

क) तर्क का परीक्षण

ख) क्वांटिटेटिव योग्यता का परीक्षण

ग) सामान्य जागरूकता का परीक्षण और

घ) अंग्रेजी भाषा का परीक्षण

- **सहायक अनुभाग अधिकारी**

(क) **सामान्य बुद्धिमत्ता तथा तर्कशक्ति**: इसमें शाब्दिक तथा गैर-शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल हो सकते हैं। इस भाग में सादृश्यता, समानताएं और असमानताएं, स्थान दृश्यता, स्थानिक अभिविन्यास, समस्या समाधान, विश्लेषण, निर्णय, फैसला करना, दृश्य स्मृति, विभेदन, अवलोकन, संबंध अवधारणाएं, अंकगणितीय तर्कशक्ति तथा आकृति वर्गीकरण, अंकगणितीय अंक श्रेणी, गैर-शाब्दिक श्रेणी, कूटीकरण तथा विकूटीकरण, कथन निष्कर्ष, तार्किक तर्कशक्ति आदि से संबद्ध प्रश्न शामिल हो सकते हैं। इसके विषय हैं,

अर्थ सादृश्यता, संकेत/अंक सादृश्यता, आकृति सादृश्यता, अर्थ वर्गीकरण, संकेत/संख्या वर्गीकरण, आकृति वर्गीकरण, अर्थ श्रेणी, अंक श्रेणी, आकृति श्रेणी, समस्या समाधान, शब्द निर्माण, कूट निर्माण तथा कूट व्याख्या, संख्यात्मक संचालन, संकेत संचालन, ट्रेंड्स, स्थानिक अभिविन्यास, स्थानिक दृश्यता, वेन डायग्राम, अनुमान चित्रांकन, पंच्ड छिद्र/ पैटर्न- खोलना तथा तह करना, आकृति पैटर्न- तह करना और पूरा करना, संकेतसूची बनाना, पता मिलाना, तिथि और शहर मिलान करना, केंद्र कूट/ क्रमांक संख्या वर्गीकरण, छोटे तथा बड़े अक्षर/ अंक कूटीकरण, विकूटीकरण, एंबेडेड आंकड़े, आलोचनात्मक विचारशक्ति, भावनात्मक बौद्धिकता, सामाजिक बौद्धिकता, तथा अन्य उप-बिंदु यदि कोई हों।

(ख) **सामान्य जागरुकता**: इस भाग में शामिल प्रश्नों का मकसद होगा, उम्मीदवारों के आसपास के वातावरण तथा समाज में इसकी भूमिका के बारे में सामान्य ज्ञान की जांच करना। प्रश्नों को वर्तमान घटनाक्रम और प्रतिदिन के अवलोकन में आनेवाले विषयों तथा उनके वैज्ञानिक पहलुओं के अनुभव के बारे में जानकारी, जिसकी हर शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा रखी जा सकती है, की जांच के अनुसार भी तैयार किया जाएगा। इस जांच में भारत तथा इसके पड़ोसी देशों, खासकर उनके इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य, सामान्य नीतियां तथा वैज्ञानिक अनुसंधानों से संबंधित प्रश्नों को भी शामिल किया जाएगा।

(ग) **गणनात्मक रुझान**: इस भाग के प्रश्नों को अंकों के सही इस्तेमाल तथा उम्मीदवार के अंक ज्ञान की क्षमता की जांच के लिए तैयार किया जाएगा। इस जांच के क्षेत्र में शामिल होंगे: समस्त संख्याओं का गणन, दशमलव, भिन्न तथा अंकों के बीच संबंध, प्रतिशत, अनुपात तथा समानुपात, वर्गमूल, औसत, ब्याज, लाभ तथा हानि, छूट, भागीदार व्यवसाय, मिश्रण तथा आरोपण, समय तथा दूरी, समय तथा कार्य, मूलभूत बीजगणितीय सर्वसमिका स्कूल बीजगणित से, रैखिक समीकरणों के आरेख, त्रिभुज तथा इसके विभिन्न प्रकार के केंद्र, त्रिकोण की एकरूपता और समरूपता, वृत्त तथा इसके ज्या, स्पर्शरेखा, वृत्त के ज्या द्वारा जुड़े कोण, दो या अधिक वृत्तों के लिए समान स्पर्शरेखाएं, त्रिकोण, चतुर्भुज, ऊंचाई और दूरी, आयतचित्र, बार आरेख तथा पाई चार्ट।

(घ) **अंग्रेजी भाषा तथा समझ**: इस भाग के प्रश्न उम्मीदवारों की अंग्रेजी भाषा की जानकारी और समझ की जांच के अनुसार तैयार किए जाएंगे और ये आधारित होंगे: गलती चिह्नित करें, खाली स्थान भरना, समानार्थक, विपरीतार्थक, वर्तनी/ गलत वर्तनी के शब्द पकड़ना, मुहावरे और वाक्यांश, एक शब्द बदलना, वाक्य सुधार, सकर्मक अकर्मक

क्रिया, प्रत्यक्ष/परोक्ष कथन में परिवर्तन, वाक्यांशों को सजाना, अनुच्छेद में वाक्यांशों को लगाना, क्लोज अवतरण तथा समझ अवतरण।

- **अनुभागीय अधिकारी (बागवानी)**

उम्मीदवारों को आवश्यक रूप से इन विषयों की जानकारी होनी चाहिए- बागवानी, बागवानी की शैलियां, लॉन बनाना, सड़क के किनारे/वृक्ष/झाड़ियां रोपना। फूलदार झाड़ियां, बाड़, बोंसाई तथा इसकी देखभाल, वार्षिक फूल, टॉपियरी, घर के अंदर तथा बाहर गमलेदार पौधे रोपना, गुलाब, गुलदाउदी, डेहलिया, बोगनविलिया, झूलते डोलचे उगाना, कट फ्लावर की खेती जैसे गुलाब, खंगिकालता, आर्किड, ट्यूबरोज, लिलियम तथा एंथुरियम; भू-आच्छादी, औषधीय पौधे, सुगंधित झाड़ियां/वृक्ष, उगाना, पौधा संरक्षण, पौधशाला प्रबंधन, रोजाना के बाग संचालन, उद्यान की विशेषताएं, पुष्प प्रदर्शनी तथा उद्यान प्रतियोगिता, पुष्प आभूषण तथा पुष्प व्यवस्थापन।

**उम्मीदवार की तर्कशक्ति, गणनात्मक रुझान तथा अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान में कुशलता का आकलन किया जाएगा।**

क) तर्क का परीक्षण

ख) क्वांटिटेटिव योग्यता का परीक्षण

ग) सामान्य जागरूकता का परीक्षण और

घ) अंग्रेजी भाषा का परीक्षण

- **कनिष्ठ अभियंता (सिविल)**

**<u>सिविल अभियंता</u>**

**इमारती सामग्रियां:** भौतिक तथा रासायनिक गुण, वर्गीकरण, मानक जांच, सामग्रियों का उपयोग तथा उत्पादन/खनन जैसे इमारती पत्थर, सिलिकेट आधारित सामग्रियां, सीमेंट (पोर्टलैंड), एस्बेस्टस उत्पाद, टिंबर तथा लकड़ी आधारित उत्पाद, लैमिनेट्स, अलकतरा सामग्रियां, पेंट, वार्निश आदि।

**सर्वेक्षण:** सर्वेक्षण के सिद्धांत, संपत्तियों का कार्य करना, कंपास तथा बियरिंग, प्लेन टेबल सर्वेक्षण, थ्योडोलाइट ट्रेवर्स, थ्योडोलाइट व्यवस्थित करना, लेवलिंग तथा कंटूरिंग, वक्रता, अपवर्तन, डंपी लेवल का स्थायी व्यवस्थापन, कंटूरिंग की विधियां तथा नियंत्रण मैप का इस्तेमाल, टेकोमैट्रिक सर्वेक्षण।

**मृदा विश्लेषण:** मिट्टी उत्पत्ति चरण आरेख, शून्य अनुपात की व्याख्या, सरंध्रता, संतृप्ति का स्तर, जल उपस्थिति, मृदा कणों का विशिष्ट गुरुत्व तथा इकाई भार, विभिन्न सांद्रता के लिए कण आकार वितरण वक्र तथा उनका उपयोग। एटर्जर्ग की सीमाएं, आईएसआई मृदा वर्गीकरण, प्लास्टिसिटी तालिका, पारगम्यता के गुणांक, प्रभावी तनाव, मृदा का समेकन। मृदा की अपप्रपण क्षमता का परिकलन, प्रत्यक्ष अपप्रपण जांच, फलक अपप्रपण जांच, त्रिकोणीय जांच, मृदा संघनन, प्रयोगशाला संघनन, प्रयोगशाला संघनन जांच, मृदा में नमी की मात्रा तथा धारक क्षमता, प्लेट लोड जांच, मानक प्रवेश जांच।

**जलगति विज्ञान:** तरल के गुण, तरल सांख्यिकी, प्रवाह का मापन, बरनौली का सिद्धांत तथा इसका अनुप्रयोग, पाइप द्वारा प्रवाह, खुले नाले में प्रवाह, मेड़, अवनालिका, स्पिलवे, पंप तथा टर्बाइन।

**पर्यावरणीय अभियंत्रण:** जल गुणवत्ता, जलापूर्ति के स्रोत, जल शुद्धिकरण, जल वितरण, स्वच्छता की आवश्यकता, सीवरेज प्रणाली, सर्कुलर सीवरेज, ओवेल सीवरेज, सीवर की जरूरत, सतही जल निकासी, सीवेज उपचार।

**संरचनात्मक अभियंत्रण:** संरचना का सिद्धांत: तन्यता स्थिरांक, शहतीर के प्रकार, निश्चित और अनिश्चित, बंकन प्रवृत्ति तथा सामान्य समर्थित अपप्रपण बल आरेख, कैंटीलीवर तथा ओवर हैंगिंग बीम। रेक्टएंगुलर तथा सर्कुलर सेक्शन के लिए क्षेत्र की प्रवृत्ति तथा जड़ता की प्रवृत्ति, बंकन प्रवृत्ति तथा टी हेतु शेयर तनाव, चैनल तथा कंपाउंड सेक्शन, चिमनी, डैम तथा रीटेनिंग वाल, एस्सेंट्रिक लोड, सामान्य समर्थित तथा कैंटीलीवर बीम के लिए ढलान विक्षेपण, क्रिटिकल लोड तथा कॉलम, सर्कुलर सेक्शन का आघूर्णन।

**कंक्रीट प्रौद्योगिकी:** विशेषताएं, कंक्रीट का लाभ तथा उपयोग, सीमेंट समुच्चय गुणवत्ता, जल सीमेंट अनुपात, कंक्रीट की कार्यात्मकता, मिश्रित डिजाइन, भंडारण, बैचिंग, मिश्रण, स्थापन, संयोजन, परिष्कार और उपचार, कंक्रीट का गुणवत्ता नियंत्रण, गर्म जलवायु तथा शीत जलवायु में कंक्रीत का उपयोग, कंक्रीट संरचना की मरम्मत तथा रखरखाव।

**आरसीसी डिजाइन:**

**आरसीसी बीम:** बंकन क्षमता, शेयर क्षमता, बंधन क्षमता, एकल समर्थित बीम का डिजाइन, लिंटल, कैंटीलीवर बीम, द्विसमर्थित बीम, वन वे स्लैब, टू वे स्लैब,

आइसोलेटेड फूटिंग, सुदृढ़ीकृत ईंट कार्य। टी-बीम, कॉलम, स्टेयरकेस, रीटेनिंग वाल, वाटर टैंक, (आरसीसी डिजाइन के प्रश्न लिमिट स्टेट विधि तथा वर्किंग स्ट्रेस विधि दोनों पर आधारित हो सकते हैं)।

**स्टील डिजाइन:** स्टील डिजाइन तथा स्टील कॉलम, बीम, रूफ ट्रसेस, प्लेट गिर्डर्स का निर्माण।

**उम्मीदवार की तर्कशक्ति, गणनात्मक रुझान तथा अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान में कुशलता का आकलन किया जाएगा।**

क) तर्क का परीक्षण

ख) मात्रात्मक योग्यता का परीक्षण

ग) सामान्य जागरूकता का परीक्षण और

घ) अंग्रेजी भाषा का परीक्षण

## ➢ कनिष्ठ अभियंता (विद्‌युत/ यांत्रिक)

**सामान्य इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल)**

- **इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग**

**मूलभूत विद्‌युत अभियांत्रिकी:** विद्‌युत मापन, करंट, वोल्टेज, प्रतिरोध, पावर तथा एनर्जी की अवधारणा, उनकी इकाई, ओह्म का लॉ।

**सर्किट लॉ:** किरचॉफ का लॉ, सरल नेटवर्क समस्या का समाधान, नेटवर्क सिद्धांत तथा उसके अनुप्रयोग, विद्‌युत-चुंबकत्व, फ्लक्स की अवधारणा, ईएमएफ, रिलक्टेंस, चुंबकीय परिपथ, विद्‌युत चुंबकीय इंडक्शन, सेल्फ तथा म्यूचुअल इंडक्शन। ए.सी. के मूलभूत तत्व, वैकल्पिक धारा के तात्कालिक, चरम, आर.एम.एस. तथा औसत मूल्य, सिन्यूसाइडल वेब फॉर्म का समीकरण, सामान्य सिरीज तथा समानांतर एसी परिपथ सहित आर.एल तथा सी., रेसोनेंस। मापन तथा मापन उपकरन, मूविंग क्वायल तथा मूविंग आयरन आमीटर तथा वोल्टमीटर, रेंज का विस्तारण, वाटमीटर, मल्टीमीटर, मेगर, मूलभूत इलेक्ट्रॉनिक्स।

**विद्‌युत यांत्रिकी**: डीसी मोटर के मूलभूत सिद्धांत, जेनरेटर, उनकी विशेषताएं, डीसी मोटर का गति नियंत्रण तथा चालू करना, डीसी मशीनों की हानियां तथा कुशलता। 1-फेज तथा 3फेज ट्रांसफार्मर: संचालन के सिद्धांत, समतुल्य परिपथ, वोल्टेज नियमन, ओसी तथा एससी परीक्षण, कुशलता, स्वचालित ट्रांसफार्मेशन। सिंक्रोनस मशीन, 3-फेज

ईएमएफ का उत्पादन, आरमेचर रीएक्शन, वोल्टेज रेगुलेशन, दो अल्टरनेटरों का समानांतर संचालन, सिंक्रोनाइजिंग, सिंक्रोनस मोटर को चालू तथा व्यवहार करना। 3-फेज इंडक्शन मोटर, रोटेटिंग मैग्नेटिक फील्ड, संचालन के सिद्धांत, समतुल्य परिपथ, टॉर्क-स्पीड विशेषताएं, 3-फेज इंडक्शन मोटर को चालू तथा गति-नियंत्रण करना, रिलक्टेंस मोटर।

**सामान्य, पारेषण तथा वितरण:** विभिन्न प्रकार के पावर स्टेशन, लोड फैक्टर, डाइवर्सिटी फैक्टर, डिमांड फैक्टर, सामान्य समस्या सिद्धांत, उत्पादन की लागत, पावर स्टेशन का अंतरसंबंधन। पावर फैक्टर सुधार, टैरिफ के विभिन्न प्रकार, फाल्ट के प्रकार, सिमेट्रिकल फाल्ट के लिए शॉर्ट सर्किट करेंट। स्विचगीयर- सर्किट ब्रेकर की रेटिंग: तेल तथा हवा द्वारा परिमृति के सिद्धांत, एच.आर.सी. फ्यूज, सुरक्षा, अर्थ लीकेज, ओवर करेंट, बुखोल्ज रिले, जेनरेटर तथा ट्रांसफर्मर की सुरक्षा का मर्ज- प्रिंस सिस्टम, फीडर तथा बस बार की सुरक्षा। लाइटनिंग एरेस्टर्स, विभिन्न पारेषण तथा वितरण प्रणालियां, कंडक्टर सामग्री की तुलना, विभिन्न प्रणालियों की कुशलता: विद्युत ऊर्जा के उपयोग, इल्यूमिनेशन, विद्युत तापन, विद्युत वेल्डिंग, इलेक्ट्रोप्लेटिंग, इलेक्ट्रिक ड्राइव्स तथा मोटर्स।

- **यांत्रिक अभियंत्रण**

**तरल का प्रवाह:** लैमिनर तथा टर्बुलेंट प्रवाह, अनवरतता के समीकरण, बरनौली का सिद्धांत, डिस्चार्ज का मापन, पाइल द्वारा प्रवाह, फ्रिक्शन हानि, फलक पर जेट टक्कर का बल, ब्लेड, किया जार्य और कुशलता, टर्बाइन और पंप का वर्गीकरण।

**ताप अभियंत्रण:**

तापगतिकी के नियम, विभिन्न प्रक्रियाओं में एंट्रापी में परिवर्तन: भाप के उपयोग, स्टीम टेबल और चार्ट की विशेषताएं; कोचरन की संरचना तथा कार्य, लंकाशायर लोकोमोटिव तथा बैबकॉक और विकलकॉक्स बायलर, स्टीम टर्बाइन का कार्य, ओट्टो तथा डीजल चक्र, आईसी इंजिन का कार्य, कार्बुरेशन, सोलेक्स कार्बुरेटर। डीजल ईंधन, पंप तथा इनजेक्टर: कूलिंग तथा ल्यूब्रिकेटिंग।

**उत्पादन अभियंत्रण:** फाउंड्री- विभिन्न कास्टिंग प्रक्रियाएं, पैटर्न की अवधारणा; मोल्ड मेकिंग के प्रकार, कास्टिंग में प्यूरिंग डिफेक्ट, कारण और उपचार, वेल्डिंग वर्गीकरण तथा वेल्डिंग के प्रकार, वेल्ड का परीक्षण तथा त्रुटियां। लेथ- लेथ पर कार्य करना, विभिन्न औजार, लेथ पर परिचालन करना, लेथ के प्रकार। ड्रिलिंग मशीन पर ड्रिलिंग कार्य निष्पादन। व्याख्या, कार्य के नियम तथा मशीन औजारों पर विभिन्न तरह के कार्य, मिलिंग मशीन, शेपर, ग्राइंडर, बोरिंग तथा स्लॉटिंग मशीनें।

**सामग्रियों की क्षमता:** कंपोजिट बार में स्ट्रेस, एलास्टिक कांस्टेंट के बीच संबंध, विभिन्न प्रकार के लोड के अंतर्गत लचीलापन, एसएफ तथा बीएम आरेख; बीम में स्ट्रेस- सम्मिलित प्रत्यक्ष तथा बंकन तनाव, स्ट्रट तथा कॉलम- इयुलर तथा रैनकिन के सिद्धांत, सर्कुलर शाफ्ट का आघूर्णन।

**मशीन के सिद्धांत:** सरल मशीन- फोर बार चेन, स्लाइडर क्रैंक चेन, डबल स्लाइडर क्रैंक चेन, फ्लाईव्हील- टर्निंग मोमेंट आरेख। एनर्जी का फ्लक्चुएशन, फ्रिक्शन- कॉलर तथा पिवोट में, प्लेट क्लच, जर्नल बीयरिंग। फ्लैट तथा वी-बेल्ट द्वारा पावर ट्रांसमिशन, गीयर, गीयर का प्रोफाइल, गवर्नर- वाट तथा हार्टनेल गवर्नर।

**उम्मीदवार की तर्कशक्ति, गणनात्मक रुझान तथा अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान में कुशलता का आकलन किया जाएगा।**

क) तर्क का परीक्षण

ख) मात्रात्मक योग्यता का परीक्षण

ग) सामान्य जागरूकता का परीक्षण और

घ) अंग्रेजी भाषा का परीक्षण

## ➢ कनिष्ठ हिंदी अनुवादक

चरण-I: क) सामान्य हिंदी: 100 अंक (वस्तुनिष्ठ प्रकार) बी) सामान्य अंग्रेजी: 100 अंक (वस्तुनिष्ठ प्रकार) इस भाग के प्रश्न उम्मीदवार की "भाषा तथा साहित्य की समझ, शब्दों का सही उपयोग, मुहावरे तथा वाक्यांश तथा भाषा को सही-सही, व्याकरणसम्मत तथा प्रभावी रूप से लिखने की जांच के अनुसार तैयार किए जाएंगे। प्रश्न स्नातक स्तर के होंगे।

चरण-II: अनुवाद तथा निबंध: 200 अंक (परंपरागत प्रकार) इस पत्र में अनुवाद के लिए दो अवतरण होंगे- एक अवतरण हिंदी से अंग्रेजी अनुवाद के लिए तथा दूसरा अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद के लिए, तथा हिंदी और अंग्रेजी प्रत्येक भाषा में एक-एक निबंध होंगे, जिनका उद्देश्य उम्मीदवार की अनुवाद क्षमता तथा दोनों भाषाओं को सही-सही, व्याकरण सम्मत तथा प्रभावी रूप से लिखने और समझने की क्षमता की जांच करना है। इस पत्र के प्रश्न पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप होंगे।

- **स्टेनोग्राफर ग्रेड 'डी'**

**<u>सामान्य बुद्धिमत्ता तथा तर्कशक्ति</u>**: इसमें शाब्दिक तथा गैर-शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न होंगे। इस परीक्षा में समरूपता, समानता तथा असमानता, स्थान दृश्यता, समस्या समाधान, विश्लेषण, निर्णय, निर्णय प्रक्रिया, दृश्य स्मृति, विभेदात्मक अवलोकन, संबंध अवधारणाएं, अंकग़णितीय तर्कशक्ति, शाब्दिक तथा आकृतिक वर्गीकरण, अंकग़णितीय संख्या श्रेणी, गैर-शाब्दिक श्रेणी आदि पर आधारित प्रश्न शामिल होंगे। इस परीक्षा में इसके अलावा ऐसे प्रश्न भी शामिल होंगे जिन्हें: अमूर्त विचारों तथा संकेतकों तथा उनके संबंध, अंकगणितीय कंप्यूटिंग तथा अन्य विश्लेषिकी व्यवहारों से संबंधित प्रश्नों के लिए उम्मीदवार की क्षमता जांच हेतु तैयार किया गया है ।

**सामान्य जागरुकता**: इस भाग के प्रश्न उम्मीदवार के आसपास के वातावरण के बारे में उसकी जागरुकता तथा समाज में इसके इस्तेमाल की क्षमता की जांच के लिए तैयार किए जएंगे। इस भाग के प्रश्न, वर्तमान घटनाक्रम की जानकारी तथा दैनिक अवलोकन में आनेवाले ऐसे विषयों तथा उनके वैज्ञानिक पहलुओं के अनुभव की जांच पर आधारित होंगे, जिनकी किसी भी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है। इस पत्र में भारत तथा इसके पड़ोसी देश खासतौर पर खेल, इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य, सामान्य राजनीति के साथ भारतीय संविधान और वैज्ञानिक अनुसंधान आदि से जुड़े प्रश्न भी होंगे। इस भाग के प्रश्न ऐसे होंगे जिनके लिए किसी खास विषय में विशेष अध्ययन की आवश्यकता नहीं है।

40% तथा ज्यादा चाक्षुष अक्षमता वाले/ मस्तिष्क पक्षाघात प्रभावित दिव्यांग तथा लेखन सहायक वाले उम्मीदवारों के लिए: सामान्य जागरुकता तथा तर्कशक्ति परीक्षण/ सामान्य जागरुकता पत्र में मानचित्र/ ग्राफ/ आरेख/ सांख्यिक आंकड़ों से संबंधित प्रश्न नहीं होंगे।

**अंग्रेजी भाषा तथा समझ**: उम्मीदवार की अंग्रेजी को समझने की क्षमता की जांच के अलावा, इसके शब्द-भंडार, ग्रामर, वाक्य-विन्यास, समानार्थी, विलोम शब्द तथा इनके सही उपयोग आदि, के साथ उनकी लेखन-क्षमता की भी जांच की जाएगी।

**आशुलिपिक हेतु दक्षता जांच**: केवल उन्हीं उम्मीदवारों को दक्षता जांच के लिए बुलावा भेजा जाएगा जिन्होंने आयोग द्वारा यथा निर्धारित अर्हता अंकों के साथ लिखित परीक्षा पास की है। लिखित परीक्षा के हर भाग के लिए अर्हता अंक निर्धारित किए जा सकते

हैं। यह दक्षता जांच अर्हत प्रकृति की होगी तथा दक्षता जांच के लिए आयोग द्वारा उम्मीदवारों की विभिन्न श्रेणियों के लिए पृथक अर्हता मानक निर्धारित किए जाएंगे।

उम्मीदवारों को आशुलिपिक परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। उम्मीदवारों को अंग्रेजी/ हिंदी में 80 शब्द/ मिनट की दर से एक श्रुतलेख दिया जाएगा। इस सामग्री को केवल कंप्यूटर पर लिप्यांकित करना है। इस लिप्यांकन का मूल्यांकन केवल इलेक्ट्रॉनिक रूप से होगा। लिप्यांकन की अवधि निम्नांकित है:-

- **पटवारी**

चरण I (प्राथमिक)

i) **सामान्य जागरुकता:** इस भाग के प्रश्न उम्मीदवार के आसपास के वातावरण के बारे में उसकी जागरुकता तथा समाज में इसके इस्तेमाल की क्षमता की जांच के लिए तैयार किए जएंगे। इस भाग के प्रश्न, वर्तमान घटनाक्रम की जानकारी तथा दैनिक अवलोकन में आनेवाले ऐसे विषयों तथा उनके वैज्ञानिक पहलुओं के अनुभव की जांच पर आधारित होंगे, जिनकी किसी भी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है। इस जांच में इतिहास, राजनीति, संविधान, खेल, कला तथा संस्कृति, भूगोल, अर्थशास्त्र, दैनिक विज्ञान, वैज्ञानिक अनुसंधान, राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय संगठन/संस्थानों से जुड़े प्रश्न भी शामिल होंगे।

(ii) **सामान्य जागरुकता तथा तर्कशक्ति परीक्षण**: सामन्य जागरुकता तथा तर्कशक्ति क्षमता के पाठ्यक्रम में शाब्दिक तथा गैर-शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे। इस परीक्षा में समरूपता, समानता, अंतर, स्थान दृश्यता, समस्या समाधान, विश्लेषण, निर्णय, निर्णय प्रक्रिया, दृश्य स्मृति, विभेदात्मक अवलोकन, संबंध, अवधारणाएं, अंकगणितीय तर्कशक्ति, शाब्दिक तथा आकृतिक वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या श्रेणी पर आधारित प्रश्न शामिल होंगे

(iii) **अंकगणितीय तथा संख्यात्मक योग्यता**: अंकगणित तथा संख्यात्मक योग्यता की जांच में संख्या प्रणालियां शामिल होंगी जिनमें 10वीं कक्षा स्तर के सरलीकरण, दशमलव, भिन्न, लघुत्तम समापवर्त्य, महत्तम समापवर्त्य, अनुपात और समानुपात, प्रतिशत, औसत, लाभ और हानि, छूट, सरल और चक्रवृद्धि ब्याज, आवर्तन, समय तथा कार्य, समय तथा दूरी, तालिका तथा ग्राफ आदि के प्रश्न शामिल होंगे।

(iv) तथा (v) **हिंदी भाषा तथा समझ और अंग्रेजी भाषा तथा समझ**: उम्मीदवार के अंग्रेजी तथा हिंदी भाषा की समझ तथा ज्ञान की जांच के अलावा, इसके शब्द भंडार, ग्रामर, वाक्य विन्यास, समानार्थक , विलोम शब्द तथा इसके सही उपयोग आदि पर भी प्रश्न होंगे। इसमें तर्कशक्ति क्षमता भी सम्मिलित होगी।

vi) मूलभूत कंप्यूटर जानकारी के प्रश्न दोनों चरणों में होंगे जो संबंधित होंगे: कंप्यूटर की विशेषताएं, कंप्यूटर संगठन जिसके तहत शामिल होंगे- रैम, रोम, फाइल सिस्टम, इनपुट उपकरण, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर- हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर के बीच संबंध, ऑपरेटिंग सिस्टम, एमएस-ऑफिस (वर्ड, एक्सेल/स्प्रेड शीट, पावर प्वाइंट का प्रदर्शन), सूचना प्रौद्योगिकी तथा सोसाइटी-भारतीय आईटी अधिनियम, डिजिटल हस्ताक्षर, ई-प्रशासन के लिए सरकार में सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल, मोबाइल/ स्मार्टफोन, सूचना कियॉस्क।

**चरण II**

i) **सामान्य जागरुकता**- सामान्य जागरुकता, विशेष रूप से- दिल्ली का इतिहास, संस्कृति, जनसंख्या, भूगोल तथा अर्थशास्त्र, दिल्ली के एनसीटी में प्रशासनिक संरचना तथा प्रशासन पर केंद्रित प्रश्न होंगे।

ii) **सामान्य जागरुकता तथा तर्कशक्ति परीक्षण**: सामन्य जागरुकता तथा तर्कशक्ति क्षमता के पाठ्यक्रम में शाब्दिक तथा गैर-शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे। इस परीक्षा में समरूपता, समानता, अंतर, स्थान दृश्यता, समस्या समाधान, विश्लेषण, निर्णय, निर्णय प्रक्रिया, दृश्य स्मृति, विभेदात्मक अवलोकन, संबंध, अवधारणाएं, अंकगणितीय तर्कशक्ति, शाब्दिक तथा आकृतिक वर्गीकरण, अंकग़णितीय संख्या श्रेणी पर आधारित प्रश्न शामिल होंगे

(iii) **अंकगणितीय तथा संख्यात्मक योग्यता**: अंकगणित तथा संख्यात्मक योग्यता की जांच में संख्या प्रणालियां शामिल होंगी जिनमें 10वीं कक्षा स्तर के सरलीकरण, दशमलव, भिन्न, लघुत्तम समापवर्त्य, महत्तम समापवर्त्य, अनुपात और समानुपात, प्रतिशत, औसत, लाभ और हानि, छूट, सरल और चक्रवृद्धि ब्याज, आवर्तन, समय तथा कार्य, समय तथा दूरी, तालिका तथा ग्राफ आदि के प्रश्न शामिल होंगे।

(iv) तथा (v) **हिंदी भाषा तथा समझ और अंग्रेजी भाषा तथा समझ**: उम्मीदवार के अंग्रेजी तथा हिंदी भाषा की समझ तथा ज्ञान की जांच के अलावा, इसके शब्द भंडार, ग्रामर, वाक्य विन्यास, समानार्थक , विलोम शब्द तथा इसके सही उपयोग आदि पर भी प्रश्न होंगे। इसमें तर्कशक्ति क्षमता भी सम्मिलित होगी।

vi) मूलभूत कंप्यूटर जानकारी के प्रश्न दोनों चरणों में होंगे जो संबंधित होंगे: कंप्यूटर की विशेषताएं, कंप्यूटर संगठन जिसके तहत शामिल होंगे- रैम, रोम, फाइल सिस्टम, इनपुट उपकरण, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर- हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर के बीच संबंध, ऑपरेटिंग सिस्टम, एमएस-ऑफिस (वर्ड, एक्सेल/स्प्रेड शीट, पावर प्वाइंट का प्रदर्शन), सूचना प्रौद्योगिकी तथा सोसाइटी-भारतीय आईटी अधिनियम, डिजिटल हस्ताक्षर, ई-प्रशासन के लिए सरकार में सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल, मोबाइल/स्मार्टफोन, सूचना कियॉस्क।